
गढ़निनाद NEWS
जन जन की आवाज

# ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन, तानिया रही प्रथम

4 April 2025



टिहरी गढ़वाल 4 अप्रैल 2025 । ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय, देवप्रयाग के समाजशास्त्र विभागीय परिषद द्वारा निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का विषय **"समाज पर सोशल मीडिया का प्रभाव"** रखा गया। कार्यक्रम का आयोजन समाजशास्त्र विभाग की डॉ. शीतल वालिया के निर्देशन में संपन्न हुआ।प्रतियोगिता में विभिन्न सेमेस्टर के समाजशास्त्र के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। निबंधों के मूल्यांकन हेतु निर्णायक मंडल का गठन किया गया, जिसमें हिंदी विभाग की प्राध्यापक डॉ. सृजना राणा, अर्थशास्त्र विभाग की प्राध्यापक डॉ. तानिया नौटियाल एवं राजनीति विज्ञान विभाग की प्राध्यापक डॉ. सोनिया सम्मिलित रहीं।प्रतियोगिता के समापन के पश्चात निर्णायक मंडल ने निबंधों का निष्पक्ष मूल्यांकन कर विजेताओं की घोषणा की। बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा तानिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि द्वितीय स्थान अमिषा चौहान एवं तृतीय स्थान सुमन रावत को मिला।

गढ़निनाद
जन जन की आवाज

# डाॅ. एम. एन. नौड़ियाल को 'देवभूमि शिक्षा उत्कृष्टता सम्मान-2025' के लिए चयनित किया गया

1 April 2025



**टिहरी गढ़वाल, 01 अप्रैल 2025** । राजकीय महाविद्यालय, देवप्रयाग के प्राध्यापक डॉ. एम. एन. नौड़ियाल को 'देवभूमि शिक्षा उत्कृष्टता सम्मान (DBEEA) 2025' के लिए चयनित किया गया है। यह प्रतिष्ठित राज्यस्तरीय सम्मान **अमर उजाला** और **मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (MIET)** द्वारा शिक्षा, साहित्य, विज्ञान और तकनीकी के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को प्रदान किया जाता है।अमर उजाला के अनुसार, इस पुरस्कार के लिए **राज्यभर से 497 आवेदन प्राप्त हुए**, जिनमें से उच्च शिक्षा संवर्ग में **17 प्रोफेसरों और इंजीनियरों** का चयन किया गया। तीन चरणों की चयन प्रक्रिया के तहत अभ्यर्थियों के कार्यों का मूल्यांकन, दस्तावेज सत्यापन, और वैचारिक परीक्षा के आधार पर विजेताओं का निर्धारण किया गया।डाॅ. नौड़ियाल को यह सम्मान **उनके साहित्यिक और शैक्षणिक योगदान** के लिए दिया जा रहा है। सम्मान समारोह का आयोजन **03 अप्रैल 2025 को MIET परिसर, लामाचौड़, हल्द्वानी (कुमाऊं)** में किया जाएगा, जहां सभी चयनित शिक्षाविदों और इंजीनियरों को सम्मानित किया जाएगा।इस उपलब्धि पर राजकीय महाविद्यालय, देवप्रयाग के प्राचार्य, प्राध्यापकों, कर्मचारियों और छात्रों ने प्रसन्नता व्यक्त की और डॉ. नौड़ियाल को बधाई दी।

Rainbow News
Community Voice

गंगा स्वच्छता पखवाड़ा, देवप्रयाग में महिला स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर कार्यशाला आयोजित



**गंगा स्वच्छता पखवाड़ा, देवप्रयाग में महिला स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर कार्यशाला आयोजित**

March 27, 2025**देवप्रयाग।** ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय, देवप्रयाग टिहरी गढ़वाल में *नमामि गंगे इकाई* के तत्वाधान में 'गंगा स्वच्छता' पखवाड़ा (16 मार्च से 31 मार्च 2025) के अंतर्गत *महिला स्वास्थ्य एवं स्वच्छता* विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई।कार्यशाला का आयोजन *27 मार्च 2025* को संयोजक *डॉ. संजीव कुमार* की अध्यक्षता में ग्राम *महड़, देवप्रयाग* में किया गया। कार्यक्रम का संचालन *डॉ. सोनिया* द्वारा किया गया।

### महिला स्वास्थ्य पर विशेषज्ञों ने दी जानकारी

राजकीय चिकित्सालय देवप्रयाग से *डॉ. मेघा* और *डॉ. दिव्या* ने *मासिक धर्म संबंधी स्वास्थ्य समस्याओं* और उनके समाधान के बारे में ग्रामीण महिलाओं को जागरूक किया। उन्होंने बताया कि किन परिस्थितियों में डॉक्टर से परामर्श लेना आवश्यक होता है।

## युवावस्था और मानसिक स्वास्थ्य पर चर्चा

- *डॉ. सोनिया* (राजनीति विज्ञान विभाग) ने युवावस्था में होने वाली समस्याओं पर प्रकाश डाला।
- *डॉ. अमित कुमार* (शिक्षाशास्त्र विभाग) ने मानसिक स्वास्थ्य की महत्ता पर जोर देते हुए बताया कि महिलाएं व्यस्त दिनचर्या में *स्वयं की देखभाल कैसे करें* और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए क्या उपाय अपनाएं।

### ग्रामवासियों की सहभागिता

इस कार्यशाला में ग्राम सभा महड़ के *प्रधान होशियार सिंह, भूपेंद्र सिंह, सरोजनी देवी, कैलाशी देवी, प्राची, शिवानी, काजल* सहित कई ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं।**हस्ताक्षर अभियान भी हुआ आयोजित**

इससे पहले, *26 मार्च 2025* को देवप्रयाग नगर पालिका क्षेत्र में *गंगा स्वच्छता हेतु हस्ताक्षर अभियान* भी चलाया गया था।

कार्यशाला के अंत में सभी महिलाओं को *स्वास्थ्य व स्वच्छता* को लेकर जागरूक रहने और इसे अपने दैनिक जीवन में अपनाने की अपील की गई।

शब्द क्रांति
SHABDKRANTILIVE.COM LIVE

25 March, 2025

# यूसीसी कानून से समाज में आएगी एकरूपता

## ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में मंगलवार को हुई कार्यशाला

Laxmi Prasad Badoni Send an email2 weeks ago

0 49 1 minute read



देवप्रयाग: ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय, देवप्रयाग में मंगलवार को यूसीसी समिति के तत्वावधान में समान नागरिक संहिता का प्रचार प्रसार करने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन यूसीसी नोडल अधिकारी डॉ. इलियास मोहमद ने किया।इस मौके पर डॉ. इलियास ने यूसीसी की वर्तमान प्रासंगिकता पर विचार व्यक्त किए गए।इसके बाद, मुख्य वक्ता के रूप में राजनीति विज्ञान विभाग की प्राध्यापक डॉ. सोनिया ने समान नागरिक संहिता कानून पर चर्चा करते हुए इस कानून में सम्मिलित विवाह, तलाक, उत्तराधिकार, संपत्ति इत्यादि से संबंधित विभिन्न प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। इसके बाद जंतु विज्ञान विभाग के प्राध्यापक डॉ. आदिल कुरैशी ने क्रिमिनल लॉ और सिविल लॉ के मध्य का अंतर छात्र-छात्राओं को बताया तथा समान नागरिक संहिता कानून कैसे समाज में एकरूपता को बढ़ावा देने में सहायक है इस पर विस्तार से चर्चा की।इसके पश्चात प्राचार्य डॉ. अर्चना धपवाल ने अध्यक्षीय उदबोधन में कहा कि यह कानून लैंगिक असमानता को समाप्त करने, महिला सशक्तिकरण को सुदृढ़ता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेगा। समाजशास्त्र विभाग की प्राध्यापक डॉ शीतल ने यूसीसी पोर्टल पर विवाह के पंजीकरण हेतु आवश्यक दस्तावेजों एवं पंजीकरण की प्रक्रिया के विषय में जानकारी प्रदान की। इस मौके पर महाविद्यालय की छात्राएं और शिक्षिकाएं मौजूद थीं।

# Rainbow News

Community Voice




उत्तराखंड ताजा खबर शिक्षा

## ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय में गंगा स्वच्छता अभियान, छात्रों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

March 25, 2025

**देवप्रयाग (टिहरी गढ़वाल), 25 मार्च 2025 –** ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय, देवप्रयाग में नमामि गंगे इकाई एवं पर्यावरण संरक्षण समिति के संयुक्त तत्वावधान में 'गंगा स्वच्छता' पखवाड़े (16 मार्च – 31 मार्च 2025) के तहत अलकनंदा-भागीरथी संगम स्थल पर गंगा संरक्षण एवं स्वच्छता अभियान चलाया गया।नमामि गंगे समिति के सदस्य डॉ. अमित कुमार ने छात्रों को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के महत्व की जानकारी दी। इसके बाद संगम व आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जहां जैविक और अजैविक कचरे का उचित निस्तारण किया गया।इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अभियान के दौरान डॉ. सोनिया, डॉ. प्रेम सिंह राणा, शिक्षणेत्तर कर्मचारी श्री दिनेश बलूनी समेत कई छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# Rainbow News

Community Voice


2025

March

ओमकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय में 'गंगा स्वच्छता' पखवाड़ा अंतर्गत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित



## ओमकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय में 'गंगा स्वच्छता' पखवाड़ा अंतर्गत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित

March 24, 2025

आज दिनांक 24.03.2025 को ओमकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय, देवप्रयाग टिहरी गढ़वाल में नमामि गंगे इकाई के तत्वाधान में 'गंगा स्वच्छता' पखवाड़ा (16 मार्च से 31 मार्च 2025) के कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम का संचालन नमामि गंगे समिति के सदस्य डॉ अमित कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ अर्चना धपवाल के संबोधन से हुआ । प्राचार्य द्वारा सभी प्रतिभागियो का उत्साहवर्धन किया गया। इसके बाद डॉ अमित कुमार ने सभी प्रतिभागियों को अलग-अलग समूह में बांटकर प्रतियोगिता के नियमों से अवगत कराया तथा निर्णायक मंडल का गठन किया । निर्णायक मंडल में डॉ ओम प्रकाश ,डॉ सृजना राणा ,डॉ शीतल सम्मिलित रहे। इसके पश्चात डॉ अमित कुमार द्वारा समसामयिक महत्व के प्रश्नों को सम्मिलित करते हुए सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता को संपन्न कराया गया ।प्रतियोगिता संपन्न होने के उपरांत निर्णायक मंडल द्वारा परिणाम की घोषणा की गई। प्रथम स्थान ग्रुप- डी में सम्मिलित छात्रों सुधांशु ,साहिल चंद्र, ऋषभ नेगी ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर ग्रुप -सी के छात्र अरविंद ,नवीन एवं वंदना रहे। तृतीय स्थान ग्रुप -ए में सम्मिलित छात्र -छात्राओं खुशी,अभिनव एवं सपना ने प्राप्त किया ।कार्यक्रम के सफल आयोजन में नमामि गंगे समिति के सदस्यों डॉ संजीव कुमार, डॉ सोनिया एवं डॉ रंजू उनियाल ने महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया।

तीर्थ चेतना

शिक्षा

# गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज नैनीडांडा और देवप्रयाग में मनाया गया विश्व जल दिवस

March 22, 2025




**तीर्थ चेतना न्यूज**

नैनीडांडा। गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज, नैनीडांडा और गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज, देवप्रयाग में विश्व जल दिवस पर जल स्रोतों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। साथ ही जल स्रोतों के संरक्षण का संकल्प लिया गया।शनिवार को गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज, नैनीडांडा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं एंटी ड्रग सेल के संयुक्त तत्वाधान में विश्व जल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एनएसएस के स्वयं सेवियों ने ग्राम चोरगढ़ ( नैनीडांडा) में छात्र-छात्राओं द्वारा जल-नल एवं जल स्त्रोत की सफाई की गई।राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अर्चना एवं एंटी ड्रग सेल के नोडल अधिकारी डॉ. पवन कुमार के निर्देशन में छात्र-छात्राओं (स्वंयसेवियों) ने सभी ग्रामवासियों को जल-स्त्रोत की सफाई करके स्वच्छता बनाये रखने एवं जल संरक्षण का संदेश दिया।इस मौके पर स्वच्छ पानी के महत्व के विषय में जानकारी साझा की। इस अवसर पर डॉ. हर्षिता तिवारी, श्री तेजपाल सिंह रावत (ग्राम प्रधान चोरगढ़) आदि उपस्थित रहे।देवप्रयाग। गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज, देवप्रयाग में विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य में प्रभारी प्रिंसिपल डा. अर्चना धपवाल की अध्यक्षता में संगोष्ठी का आयोजन किया गया।इस मौके पर वक्ताओं ने जल संरक्षण पर जोर दिया। जल संरक्षण के परंपरागत तौर तरीकों पर चर्चा की गई। साथ ही छात्र/छात्राओं को जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर डा. अमित कुमार, डा. सोनिया, डा. संजीव ने विचार रखे।

NEWS गढ़निनाद
जन जन की आवाज

# देवप्रयाग में 'गंगा स्वच्छता' पखवाड़े के तहत स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन

20 March 2025




टिहरी गढ़वाल 20 मार्च 2025। ओमकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय, देवप्रयाग (टिहरी गढ़वाल) में आज दिनांक 20 मार्च 2025 को नमामि गंगे इकाई के तत्वाधान में 'गंगा स्वच्छता' पखवाड़ा (16 मार्च से 31 मार्च 2025) के अंतर्गत स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम का शुभारंभ नमामि गंगे समिति के नोडल अधिकारी डॉ. सुबोध कुमार ने किया। उन्होंने प्रतियोगिता की थीम "गंगा सफाई हमारी जिम्मेदारी" पर आधारित स्लोगन लेखन के लिए छात्र-छात्राओं को दिशा-निर्देश दिए।प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के समापन के बाद निर्णायक मंडल ने परिणामों की घोषणा की। स्लोगन लेखन में प्रथम स्थान बी.ए. षष्ठम सेमेस्टर की छात्रा कोमल ने हासिल किया, जबकि द्वितीय स्थान बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा आंचल और तृतीय स्थान बी.एस.सी. चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र तुषार ने प्राप्त किया।इस अवसर पर नमामि गंगे समिति के सदस्य डॉ. अमित कुमार, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. सोनिया और डॉ. रंजू उनियाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से गंगा की स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने और युवाओं को इस अभियान से जोड़ने का प्रयास किया गया।

# Rainbow News

Community Voice March


ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय में गंगा स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ




**ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय में गंगा स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ**

March 18, 2025

आज दिनांक 18/03/2025 को ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग, टिहरी गढ़वाल की नमामि गंगे समिति के तत्वाधान में नोडल अधिकारी डॉ सुबोध कुमार द्वारा दिनांक 16/3/ 2025 से 31/3/2025 तक गंगा एवं इसकी सहायक नदियों की स्वच्छता एवं संरक्षण हेतु संचालित गंगा स्वच्छता पखवाड़ा के अन्तर्गत आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई।कार्यक्रम के प्रथम दिवस पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अर्चना धपवाल की अध्यक्षता में सभी छात्र छात्राओं ने गंगा स्वच्छता शपथ ग्रहण की । तत्पश्चात् डॉ अमित कुमार के नेतृत्व में छात्र छात्राओं द्वारा महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया । इस अवसर पर नमामि गंगे समिति के सदस्य डॉ संजीव कुमार ,डॉ रंजू उनियाल एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# Rainbow News

Community Voic





## ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर योग एवं संगोष्ठी का आयोजन

March 8, 2025

ओंकारानन्द सरस्वती राजकीय महाविद्यालय , देवप्रयाग , टिहरी गढ़वाल में आज दिनांक 08 मार्च 2025 को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में योगा एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया । जिसमें पंतजलि योगपीठ शाखा, मूल्या गांव से योग प्रशिक्षित बालिकाओं के द्वारा सभी छात्र / छात्राओं को योगाभ्यास कराया गया जिसमें सभी छात्र / छात्राओं , शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया , तत्पश्चात प्रभारी प्राचार्य डा . संजीव कुमार की अध्यक्षता में महिला सशक्तिकरण विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ. ओम प्रकाश द्वारा किया गया । इस अवसर पर सर्वप्रथम महिला प्राध्यापकों को सम्मानित किया गया तथा डॉ . आदिल कुरैशी द्वारा महिला मानसिक स्वास्थ्य विषय पर अपना व्याख्यान दिया गया । डॉ ० तानिया नौटियाल ने बताया कि महिलाऐं आज सभी क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं । किन्तु फिर भी उन्हें अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है । आपने पांच पोषक तत्वों से शरीर को स्वस्थ रखने का उपाय बताया प्रोटीन , आयरन और ओमेगा थ्री पर अपनी बात रखी ।डॉ. पारूल रतूड़ी ने बताया कि महिला एवं पुरूष दोनो एक दूसरे के पूरक हैं । दोनो को मिलकर आगे बढ़ना चाहिए । डॉ. रन्जू उनियाल ने एक कविता के माध्यम से महिला मन की व्यथा को सबके सामने रखा । डॉ. सोनिया ने महिला अधिकारों के संवैधानिक प्रावधानों पर चर्चा की । डॉ . सृजना राणा ने बताया कि समाज में एक और महिलाओं की पूजा की जाती है वहीं दूसरी ओर उन्हें प्रताड़ना दी जाती है ।द्वितीय सत्र में पंतजलि योगपीठ गुरूकुलम् शाखा, मुल्या गांव की आचार्य बिन्दु जी के नेतृत्व में गुरूकुलम की छात्राओं द्वारा सभी छात्र / छात्राओं , शिक्षकों एवं कर्मचारियों को योगाभ्यास द्वारा प्रशिक्षित किया गया जिसमें अष्टांग योग के बारे में बताया जिसके अर्न्तगत हस्तचालन , ग्रीवाचालन , स्कन्धचालन , वक्रासन , भण्डूकासन , गोमुखासन , भुजंगासन तथा प्रणायाम में भस्त्रिका , कपालभाति , अनुलोम – विलोम , भ्रामरी , उद्रगीत , प्रणवध्यान आदि के बारे में बताया ।

Rainbow News
Community Voic

- ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिताओं का भव्य शुभारं



## ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिताओं का भव्य शुभारंभ

February 27, 2025

**देवप्रयाग, 27 फरवरी 2025** – ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय, देवप्रयाग, टिहरी आज क्रीड़ा समिति के तत्वाधान में वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिताओं का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्य उद्घाटन प्रभारी प्राचार्य **डॉ. अर्चना धपवाल** ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में सभी प्रतिभा उत्साहवर्धन किया और सफल आयोजन हेतु महाविद्यालय परिवार को शुभकामनाएं दीं।

**पहले दिन की प्रतियोगिताएं और विजेता**

क्रीड़ा समिति के संयोजक **डॉ. आदिल कुरैशी** ने पहले दिन की प्रतियोगिताओं की घोषणा व **मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर और 800 मीटर दौड़, चक्का फेंक, गोला फेंक, भाला फेंव और ऊंची कूद** शामिल थीं। दिनभर चली रोमांचक स्पर्धाओं के बाद निर्णायक मंडल ने विजे घोषणा की:

***दौड़ प्रतियोगिता:***

- **100 मीटर (बालक वर्ग)**: प्रथम – **साहिल चंद**, द्वितीय – **आयुष**, तृतीय – **साहिल खत्री**
- **100 मीटर (बालिका वर्ग)**: प्रथम – **काजल**, द्वितीय – **साक्षी**
- **200 मीटर (बालक वर्ग)**: प्रथम – **साहिल चंद**, द्वितीय – **आयुष**, तृतीय – **साहिल खत्री**
- **400 मीटर (बालक वर्ग)**: प्रथम – **साहिल खत्री**, द्वितीय – **साहिल चंद**, तृतीय – **आयुष**
- **800 मीटर (बालक वर्ग)**: प्रथम – **साहिल खत्री**, द्वितीय – **आयुष**, तृतीय – **राहुल कुमार**

*फेंक प्रतियोगिता:*

- **भाला फेंक**: प्रथम – **अरविंद**, द्वितीय – **आकाश**, तृतीय – **साहिल**
- **गोला फेंक (बालक वर्ग)**: प्रथम – **अरविंद**, द्वितीय – **नवीन**, तृतीय – **आकाश**
- **गोला फेंक (बालिका वर्ग)**: प्रथम – **रश्मि**, द्वितीय – **काजल**, तृतीय – **आंचल**
- **चक्का फेंक**: प्रथम – **अरविंद**, द्वितीय – **साहिल**, तृतीय – **आकाश नेगी**

*कूद प्रतियोगिता:*

- **लंबी कूद**: प्रथम – **साहिल**, द्वितीय – **आकाश नेगी**, तृतीय – **साहिल खत्री**
- **ऊंची कूद**: प्रथम – **आकाश नेगी**, द्वितीय – **आयुष**, तृतीय – **साहिल खत्री**

छात्र-छात्राओं ने दिखाया शानदार उत्साह

सभी प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान खेल भावना और जोश देखने को मिला। क्रीड़ा समिति और महाविद्यालय परिवार ने सफल आयोजन के लिए सभी को बधाई दी और आगे के खेल मुकाबलों के लिए शुभकामनाएं दीं।

NEWS गढ़ निनाद
जन जन की आवाज

# महाविद्यालय देवप्रयाग में वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिताओं का शानदार आगाज

- 27 February 2025



टिहरी गढ़वाल 27 फरवरी। ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय, देवप्रयाग, टिहरी गढ़वाल में वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिताओं का शुभारंभ क्रीड़ा समिति के तत्वाधान में किया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन प्रभारी प्राचार्य डॉ. अर्चना धपवाल ने किया, जिन्होंने अपने संबोधन में सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए आयोजन की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।क्रीड़ा समिति के संयोजक डॉ. आदिल कुरैशी ने प्रतियोगिताओं की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए पहले दिन की खेल स्पर्धाओं की घोषणा की, जिसमें 100, 200, 400 एवं 800 मीटर दौड़, चक्का फेंक, गोला फेंक, भाला फेंक, लंबी कूद और ऊंची कूद शामिल रहीं।प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन के बाद निर्णायक मंडल ने परिणाम घोषित किए। 100 मीटर एवं 200 मीटर दौड़ में बालक वर्ग से साहिल चंद, आयुष और साहिल खत्री ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में 100 मीटर दौड़ में काजल प्रथम और साक्षी द्वितीय स्थान पर रहीं। 400 मीटर दौड़ में साहिल खत्री प्रथम, साहिल चंद द्वितीय और आयुष तृतीय स्थान पर रहे, जबकि 800 मीटर दौड़ में साहिल खत्री ने प्रथम, आयुष ने द्वितीय और राहुल कुमार ने तृतीय स्थान हासिल किया।भाला फेंक प्रतियोगिता में अरविंद ने प्रथम, आकाश ने द्वितीय और साहिल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। गोला फेंक में बालक वर्ग से अरविंद, नवीन और आकाश क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे, जबकि बालिका वर्ग में रश्मि ने प्रथम, काजल ने द्वितीय और आंचल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।चक्का फेंक प्रतियोगिता में अरविंद प्रथम, साहिल द्वितीय और आकाश नेगी तृतीय स्थान पर रहे। लंबी कूद में साहिल ने प्रथम, आकाश नेगी ने द्वितीय और साहिल खत्री ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ऊंची कूद में आकाश नेगी प्रथम, आयुष द्वितीय और साहिल खत्री तृतीय स्थान पर रहे।प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिससे खेल परिसर में जोश और उत्साह का माहौल बना रहा।

शब्द क्रांति
SHABDKRANTILIVE.COM LIVE

25 February 2025

## ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम



नई टिहरी : ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग, टिहरी गढ़वाल में सांस्कृतिक परिषद के तत्वावधान में [illegible] कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉअर्चना धपवाल की अध्[illegible] कुरैशी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत सर्वप्रथम सांस्कृतिक परिषद की संयोजक डॉ सोनिया द्वारा सभी का स्वागत [illegible] प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।इसके बाद डॉ. आदिल कुरैशी द्वारा संपूर्ण कार्यक्रम की रूपरे[illegible] प्रस्तुत की एवं कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित की जाने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं हेतु निर्णायक मंडल के सदस्यों की [illegible] पश्चात विभिन्न प्रतियोगिताओं यथा – एकल गायन , एकल नृत्य , सामूहिक नृत्य एवं लोक परिधान प्रतियोगिता का आ[illegible] प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया गया ।सभी प्रतियोगिताएं संपन्न हो जाने [illegible] मंडल द्वारा प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा की गई । एकल गायन प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान क्रमश[illegible] सेम के छात्र तुषार, बी ए चतुर्थ सेम की छात्रा काजल एवं बी ए चतुर्थ सेम के छात्र सुखदेव ने प्राप्त किया। एकल नृत्य प्र[illegible] स्थान बीए द्वितीय सेम की छात्रा कंचन ने , द्वितीय एवं तृतीय स्थान बीए षष्ठम सेम की छात्रा चांदनी और वंदना ने प्राप्त [illegible] प्रतियोगिता में सम्मिलित दो समूहों में से प्रथम स्थान द्वितीय सेम की छात्रा संतोषी के समूह ने तथा द्वितीय स्थान बी ए च[illegible] समूह ने प्राप्त किया। लोक परिधान प्रतियोगिता के अंतर्गत बी ए षष्ठम सेम से चांदनी और अमीषा संयुक्त रूप से प्रथम [illegible] द्वितीय स्थान पर रही। परिणाम की घोषणा के पश्चात महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ एम एन नौडियाल द्वारा 'प्यार और [illegible] सुंदर गीत प्रस्तुत किया गया। इसके बाद महाविद्यालय की प्राचार्य द्वारा अपने संबोधन के माध्यम से कार्यक्रम के स[illegible] सांस्कृतिक समिति की संयोजक तथा अन्य सदस्यों को शुभकामनाएं दी तथा सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया गया। [illegible] में डॉ अमित कुमार ने सांस्कृतिक समिति के सभी सदस्यों – डॉ आदिल कुरैशी, डॉ पारुल रतूड़ी, डॉ संजीव कुमार,डॉ ता[illegible] रंजू उनियाल तथा महाविद्यालय के अन्य समस्त प्राध्यापकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

NEWS गढ़निनाद
जन जन की आवाज

# देवप्रयाग महाविद्यालय में वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन



टिहरी गढ़वाल 25 फरवरी। ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय, देवप्रयाग में सांस्कृ
के तत्वावधान में वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का
प्राचार्य डॉ. अर्चना धपवाल की अध्यक्षता में डॉ. आदिल कुरैशी द्वारा किया गया। सांस्कृति
संयोजक डॉ. सोनिया ने सभी का स्वागत किया, जिसके बाद दीप प्रज्वलन और सरस्वती
कार्यक्रम की शुरुआत हुई।डॉ. आदिल कुरैशी ने संपूर्ण कार्यक्रम की रूपरेखा प्र
प्रतियोगिताओं के लिए निर्णायक मंडल की घोषणा की। इसके पश्चात एकल गायन, एकल न
नृत्य और लोक परिधान प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिनमें विद्यार्थियों ने बढ़-
लिया।एकल गायन प्रतियोगिता में बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर के तुषार ने प्रथम, बीए चतुर्थ सेमेस्ट
ने द्वितीय और बीए चतुर्थ सेमेस्टर के सुखदेव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एकल नृत्य प्रतिय
द्वितीय सेमेस्टर की कंचन ने प्रथम, बीए षष्ठम सेमेस्टर की चांदनी ने द्वितीय और वंदना ने
हासिल किया। सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता में द्वितीय सेमेस्टर की संतोषी के समूह ने प्रथम अ
सेमेस्टर की अंजू के समूह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। लोक परिधान प्रतियोगिता में बीए
की चांदनी और अमीषा संयुक्त रूप से प्रथम तथा वंदना द्वितीय स्थान पर रहीं।प्रतियोगिता
घोषित होने के बाद वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एम.एन. नौडियाल ने "प्यार और गणित" शीर्षक से
प्रस्तुत किया। इसके बाद प्राचार्य ने सांस्कृतिक समिति और सभी प्रतिभागियों की सराह
कार्यक्रम की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के अंत में डॉ. अमित कुमार
समिति के सभी सदस्यों डॉ. आदिल कुरैशी, डॉ. पारुल रतूड़ी, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. तानिया
रंजू उनियाल—सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकों और कर्मचारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया

## संपादकीय

### नई कवायद, डेरियों पर लगाए जाएंगे सीसीटीवी कैमरें

# 'इंटीग्रेटिव ऑकोलॉजी और सिस्टम मेडिसिंस इमर्जिंग ट्रेंड्स एंड थैरेपीयूटिक पोटेंशियल' विषय पर हुआ दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारम्भ



# हर्ष विद्या मंदिर पी.जी. कॉलेज मे राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा किया गया एक दिवसीय शिविर का आयोजन





## उद्यमिता विकास कार्यक्रम के चतुर्थ दिवस का शुभारंभ



# प्रोजेक्ट गौरव के अंतर्गत कौशल विकास प्रशिक्षण की चार दिवसीय कार्यशाला शुरू



# राजकीय महाविद्यालय कण्वघाटी कोटद्वार में कला संकाय परिषद की दो दिवसीय परिषदीय प्रतियोगिताओं का समापन



## सात दिवसीय विशेष शिविर के षष्ठम दिवस पर स्वयं सेवकों ने शिविर स्थल में लक्ष्य गीत गाकर किया योग व व्यायाम



समाचार पत्र में प्रकाशित सभी लेखो, विचारों व समाचारों से सम्पादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। इसके लिए लेखक ही स्वयं उत्तरदायी होगा। समाचार पत्र से संबंधित सभी विवादों का निपटारा केवल मेरठ न्यायालय में मान्य होगा। -सम्पादक

मालिक मुद्रक व प्रकाशक तब्बसुम कुरैशी ने विनोद गोस्वामी प्रिंटिंग प्रेस 44, हनुमानपुरी, सूरज कुण्ड रोड, मेरठ 250002 से छपवाकर, कार्यालय 63, खिशतफलान, निचर-बनिया पाड़ा, पुलिस चौकी मेरठ से प्रकाशित किया।
सम्पादक-तब्बसुम कुरैशी, मो.-9368347421, मेल :- bulandvani@gmail.com आरएनआई नं. UPHIN/2016/71045

Rainbow News
Community Voic

- ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का समापन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मोहा मन




ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का समापन. सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मोहा मन

आज दिनांक 21/02/ 2025 को ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग, टिहरी गढ़वाल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में कार्यक्रम समन्वयक डॉ ओम प्रकाश की अध्यक्षता में ग्राम तुणगी में संचालित किए जा रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतिम दिवस का शुभारंभ प्रातः जागरण , प्रार्थना एवं व्यायाम से हुआ , सभी स्वयं सेवको ने आज अपने शिविर स्थल की सफाई कर कूड़े का निस्तारण किया ,इसके बाद सभी ने समापन दिवस की तैयारी की।राष्ट्रीय सेवा योजना के इस सात दिवसीय विशेष शिविर के समापन अवसर पर नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष मुख्य अतिथि एवं ग्राम प्रधान तुणगी विशिष्ट अतिथि रहे । प्रभारी प्राचार्य डॉ आदिल कुरैशी की अध्यक्षता में कार्यक्रम समन्वयक डॉ ओम प्रकाश ने कार्यक्रम का संचालन किया।कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन से हुआ । इसके पश्चात कार्यक्रम समन्वयक ने सभी अतिथियों का बैज अलंकरण कर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।अभिनव कुमार ने सात दिनों की एक विस्तृत आख्या मुख्य अतिथि के सम्मुख रखी ।कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए छात्राओ ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए ।स्वयं सेवक तुषार कुमार ने गिटार वादन के साथ सुंदर गीत की प्रस्तुति से सबका मनोरंजन किया।इसके बाद साहिल चन्द ने अपने अनुभव सभी से साझा किये ।विशिष्ट अतिथि श्रीमान अरविन्द जियाल ग्राम प्रधान तुणगी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती ममता देवी ने अपने आशीष वचनों से सभी स्वंय सेवको के कार्यों की सरहाना कर उनका उत्साहवर्धन किया ।कार्यक्रम के अन्त मे प्रभारी प्राचार्य डॉ आदिल कुरैशी ने सभी अतिथियो का धन्यवाद ज्ञापित किया तथा स्वयंसेवकों से एक आदर्श नागरिक बनने की अपेक्षा की । इस अवसर पर डॉ पारुल रतूड़ी , डा प्रेम सिंह राणा , वार्ड नं चार से सभासद मिश्रा जी , अनुप कुमार, श्री सूरज . श्री नरेन्द्र , अरविंद , नवीन , ऋषभ नेगी , साहिल चन्द्र , सुधांशु सजवाण , आर्यन तथा सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे ।

देवभूमि संवाद

### राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई देवप्रयाग द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन

-February 21, 2025




**देवप्रयाग:** ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग, टिहरी गढ़वाल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में कार्यक्रम समन्वयक डॉ ओम प्रकाश की अध्यक्षता में ग्राम तुणगी में संचालित किए जा रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतिम दिवस का शुभारंभ प्रातः जागरण, प्रार्थना एवं व्यायाम से हुआ. सभी स्वयं सेवको ने आज अपने शिविर स्थल की सफाई कर कूड़े का निस्तारण किया. इसके बाद सभी ने समापन दिवस की तैयारी की।राष्ट्रीय सेवा योजना के इस सात दिवसीय विशेष शिविर के समापन अवसर पर नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष मुख्य अतिथि एवं ग्राम प्रधान तुणगी विशिष्ट अतिथि रहे। प्रभारी प्राचार्य डॉ आदिल कुरैशी की अध्यक्षता में कार्यक्रम समन्वयक डॉ ओम प्रकाश ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके पश्चात कार्यक्रम समन्वयक ने सभी अतिथियों का बैज अलंकरण कर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।अभिनव कुमार ने सात दिनों की एक विस्तृत आख्या मुख्य अतिथि के सम्मुख रखी। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए छात्राओ ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। स्वयं सेवक तुषार कुमार ने गिटार वादन के साथ सुंदर गीत की प्रस्तुति से सबका मनोरंजन किया। इसके बाद साहिल चन्द ने अपने अनुभव सभी से साझा किये। विशिष्ट अतिथि श्रीमान अरविन्द जियाल ग्राम प्रधान तुणगी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती ममता देवी ने अपने आशीष वचनों से सभी स्वंय सेवको के कार्यों की सरहाना कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के अन्त मे प्रभारी प्राचार्य डॉ आदिल कुरैशी ने सभी अतिथियो का धन्यवाद ज्ञापित किया तथा स्वयंसेवकों से एक आदर्श नागरिक बनने की अपेक्षा की। इस अवसर पर डॉ पारुल रतूड़ी, डा प्रेम सिंह राणा, वार्ड नं चार से सभासद मिश्रा, अनुप कुमार, सूरज, नरेन्द्र, अरविंद, नवीन, ऋषभ नेगी, साहिल चन्द्र, सुधांशु सजवाण, आर्यन तथा सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# Rainbow News
Community Voic


- ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का पंचम दिवस सम्पन्न




ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर **का पंचम** दिवस सम्पन्न

आज दिनांक 19/02/2025 को ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग , टिहरी गढ़वाल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के पंचम दिवस की शुरुआत प्रातः कालीन प्रार्थना से हुई , 6:30 बजे सभी स्वयंसेवको ने लक्ष्य गीत दोहराया तथा दैनिक व्यायाम एवं योगाभ्यास के उपरान्त आज कार्यक्रम समन्वयक डॉ ओम प्रकाश ने सभी ग्रुप लीडर एवं कैम्प कमाण्डर के साथ बैठक की तथा आगामी दिवसों की कार्ययोजना पर चर्चा की।8:00 बजे एक ग्रुप द्वारा सुबह का नाश्ता तैयार किया गया तथा शेष स्वयं सेवकों ने शिविर स्थल की सफाई की एवं कूड़े का निस्तारण किया। भोजन से पूर्व आज केबौद्धिक सत्र में स्वयंसेवको को नव निर्वाचित पार्षद श्रीमान राहुल कोटियाल जी का मार्गदर्शन मिला , उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य को बताते हुए स्वयं सेवकों को समूह में रचना बनाकर कार्य करने के लिए प्रेरित किए तथा बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक होती है ।कार्यक्रम समन्वयक डॉ ओम प्रकाश ने पूरे सात दिवसीय कार्यक्रमों की रूपरेखा माननीय मुख्य अतिथि के सामने रखी तथा अब तक राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों के द्वारा किए गए कार्यों के बारे में बताया ।इस अवसर पर स्वयं सेवक तुषार ने अपनी सुन्दर प्रस्तुति से सबका मनोरंजन किया बाद में मुख्य अतिथि श्रीमान कोटियाल जी ने एक गीत सुनाकर छात्रों का उत्साहवर्धन किया। दिन में 2:00 बजे सभी स्वयंसेवकों ने दिन का भोजन किया और भोजनोपरान्त विश्राम के बाद सभी स्वयं सेवक ग्राम भ्रमण हेतु चले गये ।सांयकालीन मनोरंजन सत्र में सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया । इस अवसर पर डॉ प्रेम सिंह राणा, डॉ पारुल रतूड़ी, नवीन , अरविन्द रावत सहित सभी स्वयं सेवक उपस्थित थे ।

शब्द क्रांति
SHABDKRANTILIVE.COM LIVE

# एनएसएस स्वयंसेवकों ने वेधशाला में देखे दुर्लभ ग्रंथ

February 18, 2025

ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के शिविर के चौथे दिन स्वच्छता का दिया संदेश



नई टिहरी: ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में कार्यक्रम समन्वयक डॉ. ओम प्रकाश की अध्यक्षता में ग्राम तुणगी में संचालित किए जा रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन स्वयंसेवकों ने व्यायाम एवं योगाभ्यास किया और शिविर स्थल की सफाई की। साथ ही स्वयंसेवकों द्वारा मार्ग में पड़े कूड़े, पालीथीन एवं खाली प्लास्टिक बोतल को कूड़ेदान में डालते हुए आस पास के क्षेत्रवासियों के मध्य स्वच्छता के संदेश को प्रसारित किया।इसके बाद, छात्रों ने वेधशाला का भ्रमण किया, जहां उन्हें आचार्य प्रभाकर जोशी जी का मार्गदर्शन मिला। जोशी द्वारा वेधशाला में संरक्षित किये दुर्लभ ग्रन्थ, साहित्य, स्मरण पत्र एवं प्राचीन कला कृतियों के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्होंने देवप्रयाग के पौराणिक एवं सांस्कृतिक महत्व को स्वयंसेवकों से साझा किया तथा एक दुर्लभ एवं ज्ञानवर्धक पुस्तकालय का अवलोकन कराया।वेधशाला में रखे जर्मन निर्मित ज्योतिष ग्रन्थ एवं टेलीस्कोप के बारे में जानकारी दी। शाम के समय शिविर में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम समन्वयक डॉ. ओम प्रकाश, डॉ प्रेम सिंह राणा, डॉ.सोनिया, डॉ. पारूल रतूड़ी, सूरज एवं सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

सरहद का साक्षी
SARHAD KA SAKSHI



WhatsApp | #ओंकारानंद_सरस्वती_राजकीय_म | ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महा
sarhadkasakshi.com/ओंकारानंद-सरस्वती-राजकी-5/
Verify it's you




# ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में ग्राम तुणगी में विशेष शिविर

By **Kedar Singh Chauhan 'Pravar'**


Like 0
Share | Save





▶ यहाँ क्लिक कर पोस्ट सुनें

## ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में ग्राम तुणगी में विशेष शिविर

**देवप्रयाग** ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग टिहरी गढ़वाल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में कार्यक्रम समन्वयक डॉ ओम प्रकाश की अध्यक्षता में ग्राम तुणगी में संचालित किए जा रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस का शुभारंभ सुबह 4 30 बजे प्रातः स्मरण श्लोक से प्रारंभ हुआ।

दैनिक क्रिया के उपरान्त सभी स्वयं सेवक 6 30 बजे व्यायाम स्थल पर पहुंचे, जहां उन्होंने योगाभ्यास ध्यान एवं प्राणायाम किया। 8:00 से 9:00 बजे के बीच सभी स्वयंसेवकों द्वारा जलपान ग्रहण किया गया तथा 9:00 से 10:00 बजे तक शिविर स्थल तक आने वाले रास्ते की सफाई तथा श्रमदान किया गया। 10 30 बजे सभी शिविरार्थियों ने बौद्धिक सत्र के अन्तर्गत देवप्रयाग संगम स्थल पर महाविद्यालय की नमामि गंगे समिति के तहत संचालित व्याख्यान श्रृंखला में प्रतिभाग किया। तत्पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा संगम स्थल पर स्वच्छता अभियान चलाया गया।


Click Bellow to Support Us
Powered by Razorpay
BHIM UPI
Sarhad Ka Sakshi News Portal
अपना समाचार यहाँ लिखें
Your Name
Type here to search
2:38 PM 17-Mar-25

## नई दिल्ली रेलवे स्टेशन हादसा : मृतकों को मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की



## शोहदे से तंग आकर नौजवान युवती ने ट्रेन के आगे कूद कर दी जान



## भूगोल विभाग के डॉ० अतुल कुमार दुबे ए.आई कृषि आधारित, पर्यावरण और मिट्टी विश्लेषण हेतु डिवाइस के डिजाइन को मिला इंडियन पेटेंट



## पी जी कालेज कर्णप्रयाग चमोली मे प्री-पीएचडी मे प्रवेश एवं कक्षाओं का शीघ्र संचालन



## करणी सेना द्वारा रणवीर इलाहवदिया के खिलाफ चौकी प्रभारी को सौंपा गया ज्ञापन



## राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में संचालित किए जा रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिवस का शुभारंभ



## बंद पड़े मकान में शॉर्ट सर्किट के कारण दस हजार की नगदी सहित एक लाख रुपए का सामान जलकर राख हो गया



## यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए विशेषण इंतजाम किए जाएंगे



## कार की टक्कर से ऑटो रिक्शा पलटे तीन यात्री गंभीर रूप से घायल



## राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कुणीधार मानिल में वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा वॉल मैगजीन 'नीलम्बो' का हुआ उद्घाटन




**आवश्यकता है**

दैनिक बुलन्द वार्ता समाचार पत्र में ब्यूरो, तहसील प्रभारी, संवाददाता, विज्ञापन प्रतिनिधि, जिला प्रभारी की आवश्यकता है।

सम्पर्क करें 9368347421


## दिए गये पैसे वापस मांगने को लेकर हुई थी रेस्टोरेंट संचालक उवैश की हत्या, बेइज्जती का बदला लेने के लिए दोस्त बना हत्यारा




**कार्यालय**

माधवपुरम सेक्टर 4 दिल्ली रोड मेरठ

फोन नं0-9368347421

Email-dainikbulandvani@gmail.com

# Sarhad Ka Sakshi's post

Sarhad Ka Sakshi is with प्रगतिशील जनविकास संगठन गजा and
3 others
at Devprayag - Uttarakhand.
17 February · Pauri ·

#ओंकारानंद_सरस्वती_राजकीय_महाविद्यालय_देवप्रयाग में #ग्राम_तुणगी में #विशेष_शिवि

## देवप्रयाग में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर: तृतीय दिवस पर योग, स्वच्छता अभियान और व्याख्यान श्रृंखला आयोजित।

**रिपोर्ट:- उत्तराखंड प्रभारी (अंकित उनियाल)**




देवप्रयाग में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर: तृतीय दिवस पर योग, स्वच्छता अभियान और व्याख्यान श्रृंखला आयोजित ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग, टिहरी गढ़वाल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में कार्यक्रम समन्वयक डॉ ओम प्रकाश की अध्यक्षता में ग्राम तुणगी में संचालित किए जा रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस का शुभारंभ सुबह 4:30 बजे प्रातः स्मरण शलोक से हुआ । दैनिक क्रिया के उपरान्त सभी स्वयं सेवक 6: 30 बजे व्यायाम स्थल पर पहुंचे जहां उन्होंने योगाभ्यास, ध्यान एवं प्राणायाम किया । 8:00 से 9:00 बजे के बीच सभी स्वयंसेवकों द्वारा जलपान ग्रहण किया गया तथा 9:00 से 10:00 बजे तक शिविर स्थल तक आने वाले रास्ते की सफाई और श्रमदान किया गया।10:30 बजे सभी शिविरार्थियो ने बौद्धिक सत्र के अन्तर्गत देवप्रयाग संगम स्थल पर महाविद्यालय की नमामि गंगे समिति के तहत संचालित व्याख्यान श्रृंखला में प्रतिभाग किया । तत्पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा संगम स्थल पर स्वच्छता अभियान चलाया गया।

# तीर्थ चेतना

## गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज देवप्रयाग संगम पर नमामि गंगे के तहत व्याख्यान श्रृखंला कार्यक्र

- February 17, 2025
- शिक्षा




तीर्थ चेतना न्यूज
देवप्रयाग। गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज, देवप्रयाग की नमामि गंगे समिति के बैनर तले अलकनंदा -भागीरथी संगम स्थ
श्रृंखला एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।सोमवार को आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ न
अध्यक्ष श्रीमति ममता देवी ने बतौर मुख्य अतिथि किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने गंगा समेत अन्य जल राशि
और संरक्षण के लिए हो रहे प्रयासों की सराहना की। इस मौके पर वक्ताओं ने गंगा के संबंध तमाम जानकारियों
तहत भौगोलिक स्थिति एवं महत्व के विषय में बताते हुए गंगा के गंगोत्री से गंगासागर तक के सफर को बताया त
अतुल्य महत्व को बताते हुए इसकी स्वच्छता एवं संरक्षण हेतु अपने दायित्त्वो का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किए
नमामि गंगे समिति द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित किए गए तथा विजेता छात्र छा
वितरित किए गए।चित्रकला प्रतियोगिता के अंतर्गत प्राथमिक वर्ग में राजकीय प्राथमिक विद्यालय देवप्रयाग से
राघव ने क्रमशः प्रथम ,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में राजकीय इंटर कॉलेज देवप्रयाग
इलक्सी कोटियाल एवं आंचल ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में राज
देवप्रयाग से मुस्कान रावत ,शिफा एवं कशिश क्रमशः प्रथम ,द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। निबंध प्रतियोगिता
सरस्वती शिशु मंदिर से परिधि कोटियाल, गरिमा एवं श्रावणी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त कि
सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के छात्रों में से हिमानी रावत, खुशी, अभिनव चौहान ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय
प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग की छात्रा अमीषा चौहान ने प्रथम स्थान एवं सुनीत
प्राप्त किया । तृतीय स्थान पर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की छात्रा अक्षिता भट्ट रही। पोस्टर प्रतियोगिता मे
राजकीय प्राथमिक विद्यालय से सार्थक रावत, रिद्धिमा एवं सरस्वती विद्या मंदिर से वैदिक भट्ट ने क्रमशः प्रथम,
स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में ओंकारानंद सरस्वती पब्लिक स्कूल से नमन मिश्रा, राहत नेगी एवं आरुष बिष्ट
द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।नुक्कड़ नाटक में प्रतिभाग करने वाले ओंकारानंद पब्लिक स्कूल देवप्रय
प्राथमिक विद्यालय देवप्रयाग के छात्र-छात्राओं को भी कार्यक्रम के अंतर्गत पुरस्कृत किया गया। इसके बाद नगर
महोदया ने अपने संबोधन में गंगा नदी के संरक्षण एवं स्वच्छता हेतु आयोजित जागरूकता कार्यक्रम के सफ
महाविद्यालय को शुभकामनाएं प्रदान की।

देवभूमि संवाद

# राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग की एनएसएस इकाई के स्वयं सेवकों द्वारा ग्राम तुणगी में चलाया गया सफाई अभियान

February 16, 2025





**देवप्रयाग**: ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग, टिहरी गढ़वाल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में कार्यक्रम समन्वयक डॉ ओम प्रकाश की अध्यक्षता में ग्राम तुणगी में संचालित किए जा रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिवस का शुभांरभ रविवार प्रातः 4:30 बजे जागरण के साथ शुरू हुआ। दैनिक क्रिया के उपरान्त सभी स्वयं सेवको द्वारा प्रार्थना / ध्यान / लक्ष्य गीत/ व्यायाम के उपरान्त सूक्ष्म जलपान किया गया।तत्पश्चात 9:00 बजे से 12:30 तक सभी स्वयं सेवको द्वारा लिंक रोड से ग्राम तुणगी तक सफाई अभियान चलाया गया। इसके बाद सभी स्वयं सेवको द्वारा ग्राम पंचायत भवन तुणगी में सफाई अभियान चलाया गया तथा पानी के धारे की सफाई की गई। श्रम दान के बाद शारीरिक स्वच्छता कार्य कर दिन के भोजन की तैयारी की गयी। भोजन के पश्चात बौद्धिक सत्र में अर्थशास्त्र विभाग की प्राध्यापक डॉ तानिया नौटियाल द्वारा स्वयं सेवको का मार्ग दर्शन किया गया।डॉ नौटियाल ने बताया कि जीवन में समय का बहुत महत्वपूर्ण स्थान होता है, हमे अपने समय का सदुपयोग करना चाहिए। कार्यक्रम समन्वयक डॉ ओम प्रकाश ने छात्रों को जीवन में सफलता के लिए एक पेंसिल की प्रेरणास्पद कहानी के माध्यम से स्वयं सेवको को प्रेरित किया तथा बताया कि हमे जीवन में एक पैसिल से भी सीखने की आवश्यकता है। सांयकालीन चाय के बाद सभी स्वयं सेवको ने ग्राम सम्पर्क किया तथा समाज के साथ जुड़ने की कोशिश की।

WhatsApp | देवप्रयाग महाविद्यालय में स्पर्श गंगा

regionalreporter.in/one-day-camp-organized-in-devprayag-college/

# रीजनल रिपोर्टर

सरोकारों से साक्षात्कार

ख़बरों की ख़बर | मंथन | ख़बरें | साहित्य | संपादकीय | विज्ञान और तकनीक | स्वास्थ्य | पहाड़ रैबार | शहरनामा

Home / मुख्य बातें / देवप्रयाग महाविद्यालय में स्पर्श गंगा दिवस के अवसर पर एक दिवसीय कैंप आयोजित




Search

Search

## Recent Posts

बना रही सबसे लंबी हाइपर लूप

मोदी करेंगे का उद्घाटन

ने खून से लिखा भारत के राष्ट्रपति को पत्र

बोर्ड ऑफ इंडिया में वासुदेव कंडारी राष्ट्रीय सदस्य हुए नियुक्त

गैरसैंण में भुवन सिंह कठायत बैठे आमरण अनशन पर

## Recent Comments

Type here to search

regionalreporter.in/one-day-camp-organized-in-devprayag-college/



# देवप्रयाग महाविद्यालय में स्पर्श गंगा दिवस के अवसर पर एक दिवसीय कैंप आयोजित

December 18, 2024 / रीजनल रिपोर्टर ब्यूरो

मंगलवार, 17 दिसम्बर को औंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में [illegible] की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्पर्श गंगा दिवस के अवसर पर एक दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया।

स्वयंसेवकों द्वारा गंगा को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया तथा गंगा सफाई के प्रति जागरूकता रैली निकाली निकाली गई।

इस अवसर पर कार्यक्रम समन्वयक डॉ.ओम प्रकाश द्वारा स्वयं सेवकों को हमारे पर्यावरण एवं नदियों का हमारे जीवन में महत्व को समझाते हुए बताया की नदियों की स्वच्छता एवं पर्यावरण की सुरक्षा हम सब का नैतिक दायित्व है।

वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एम एन नौडियाल ने छात्रों से अपने आस-पास स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया तथा बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण की गंभीर समस्या से छात्रों को अवगत कराया।

इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर अर्चना धपवाल ने गंगा के महत्व तथा सरकार द्वारा गंगा की सफाई के प्रति किए जा रहे प्रयासों के बारे में छात्र-छात्रा को बताया कहा कि सरकारी प्रयासों में हमको भी अपनी भूमिका निभानी चाहिए।

राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी स्वयंसेवकों द्वारा इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर के चारों ओर सफाई अभियान चलाया तथा गंगा सफाई के प्रति जागरूकता रैली निकाली गई।

कार्यक्रम समन्वयक डॉ.ओमप्रकाश ने इस अवसर पर सभी शिक्षकों प्राध्यापकों, कर्मचारी तथा बच्चों का आभार जताया है।

## विधायक विनोद कंडारी ने नैथाणा में किया स्टेडियम का शिलान्यास



कीर्तिनगर ब्लॉक को मिली स्टेडियम की सौगात [illegible] के नैथाणा में मंगलवार, 17 दिसम्बर को देवप्रयाग [illegible] कंडारी ने स्टेडियम का शिलान्यास किया। इस मौके [illegible]

Type here to search

NEWS गढ़निनाद
जन जन की आवाज

# देवप्रयाग महाविद्यालय में पर्यावरण स्वच्छता पर गोष्ठी आयोजित

- 16 December 2024


- उत्तराखंड, विविध न्यूज़, शिक्षा जगत




टिहरी गढ़वाल 16 दिसंबर 2024 । महाविद्यालय में पर्यावरण प्रकोष्ठ समिति द्वारा पर्यावरण को स्वच्छ रखने एवं नदियों में गंदगी और कूड़ा से बचाने के उद्देश्य से एक विशेष गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्या डॉ. अर्चना धपवाल ने की।इस अवसर पर, अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. ओमप्रकाश ने छात्रों को पर्यावरण से संबंधित जानकारी प्रदान की और नदियों तथा पर्यावरण की स्वच्छता के लिए नारे लगवाए। संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एम. एन. नौडियाल ने दिल्ली में प्रदूषण की स्थिति के उदाहरण प्रस्तुत करते हुए पर्यावरण की स्वच्छता के महत्व और प्रदूषण से फैलने वाली बीमारियों के खतरे के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि जनजागरूकता के लिए सबसे पहले स्वयं को जागरूक होना आवश्यक है।प्रभारी प्राचार्य श्रीमती अर्चना धपवाल ने भी पर्यावरण प्रदूषण पर विचार करते हुए सभी को अपने आस-पड़ोस की सफाई के लिए जागरूक रहने की आवश्यकता पर बल दिया।गोष्ठी में पर्यावरण प्रकोष्ठ विभाग की डॉ. सोनिया ने छात्रों के साथ मिलकर सफाई कार्यक्रम के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।गोष्ठी में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे, जिन्होंने स्वच्छता के विषय में गंभीर चर्चा में भाग लिया और आवश्यक संकल्पों में सहभागिता दिखाई।

NEWS गढ़निनाद
जन जन की आवाज

# राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ




टिहरी गढ़वाल 15 फरवरी। ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग, टिहरी गढ़वाल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ ग्राम पंचायत तुणगी के सार्वजनिक भवन में किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डॉ. एम.एन. नोडियाल ने की, जबकि ग्राम प्रधान तुणगी अरविंद जियाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. ओमप्रकाश ने किया।मुख्य अतिथि ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए समाज और राष्ट्र के साथ जुड़ने का आह्वान किया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. नोडियाल ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को आदर्श नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. ओमप्रकाश ने शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए आगामी गतिविधियों की जानकारी दी।इस अवसर पर डॉ. लीना पुंडीर, डॉ. इलियास, डॉ. प्रेम सिंह राणा, श्री शौकीन सजवान, सूरज, नरेंद्र, पूर्व छात्र संघ पदाधिकारी अरविंद रावत, नवीन कुमार, आर्यनदीप, ऋषभ नेगी, साहिल चंद सहित सभी स्वयंसेवक और शिविरार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के पश्चात सूक्ष्म जलपान हुआ, जिसके बाद आगामी कार्य दिवस की तैयारी की गई। स्वयंसेवकों को पांच समूहों में विभाजित कर कैम्प कमांडर नियुक्त किए गए।

# एनएसएस स्वयंसेवकों से अच्छे नागरिक बनने का आह्वान

राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय शिविर शुरू

Facebook Twitter




नई टिहरी: ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्त्वाधान में प्रभारी प्राचार्य डॉ एमएन नोडियाल की अध्यक्षता में सात दिवसीय विशेष शिविर का उदघाटन सार्वजनिक भवन ग्राम पंचायत तुणगी में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम प्रधान तुणगी अरविंद जियाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ओमप्रकाश, कार्यक्रम समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा किया गया।



इस अवसर पर मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान तुणगी अरविंद जियाल द्वारा सभी स्वयंसेवकों को संबोधित किया गया तथा छात्रों को समाज एवं राष्ट्र के साथ जुड़ने का आवाह्न किया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. एमएन नोडियाल द्वारा छात्रों को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य बताए गए तथा अपने जीवन शैली में परिवर्तन कर राष्ट्र के लिए एक आदर्श नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. ओम प्रकाश ने सात दिवसीय विशेष शिविर के बारे में बताते हुए स्वयं सेवकों की आगामी दिनचर्या के बारे में सभी को अवगत कराया।इस अवसर पर डॉ. लीना पुंडीर, डॉ. इलियास, डॉ. प्रेम सिंह राणा, शौकीन सजवान, सूरज, नरेंद्र, पूर्व छात्र संघ पदाधिकारी अरविंद रावत, नवीन कुमार, आर्यनदीप, ऋषभ नेगी, साहिल चंद सहित सभी स्वयंसेवक, शिविरार्थी उपस्थितथे।तत्पश्चात सूक्ष्म जलपान के उपरांत आगामी कार्य दिवस की तैयारी की गई तथा सभी स्वयंसेवकों को पांच ग्रुपों में बांटकर कैम्प कमांडर की नियुक्ति की गई।

देवभूमि संवाद

# देवप्रयाग महाविद्यालय में "कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम 2013" को लेकर संगोष

November 28, 2024



**देवप्रयाग**: ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग, टिहरी गढ़वाल में कार्यस्थल पर महिला यौन उत्पीड़न निवारण समिति द्वारा "कार्य स्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम 2013" का प्रचार प्रसार करने हेतु संगोष्ठी का आयोजन किया गया। महाविधालय की प्राचार्य डॉ अर्चना धपवाल की अध्यक्षता में कार्यक्रम का संचालन करते हुए समिति की संयोजक डॉ शीतल वालिया ने छात्र-छात्राओं को POSH अधिनियम 2013 के प्रावधानों के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की।उन्होंने कहा कि उक्त अधिनियम का उद्देश्य कार्य स्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की घटनाओं को रोकना और उनका समाधान करना है. तथा ऐसे उत्पीड़न से संबंधित शिकायतों के निवारण के लिए एक तंत्र प्रदान करना है। अधिनियम के अंतर्गत गठित आंतरिक परिवाद समिति के विषय में भी छात्र-छात्राओं को अवगत कराया गया।महाविद्यालय में पुनर्गठित आंतरिक परिवाद समिति के सभी सदस्यों, शिकायत करने हेतु निर्मित मेल आईडी, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न परिवाद, घटना की तारीख से 3 माह की अवधि के भीतर लिखित में आंतरिक परिवाद समिति के समक्ष प्रस्तुत करने संबंधी पूर्ण जानकारी छात्र-छात्राओं को प्रदान की गई। इसके बाद प्राचार्य द्वारा छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए आंतरिक पर्यवेक्षक समिति की कार्य प्रणाली से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में समिति के सदस्य डॉ अमित कुमार, डॉ रश्मि एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

28 November 2024

सरहद का साक्षी
SARHAD KA SAKSHI






▶ यहाँ क्लिक कर पोस्ट सुनें

# कार्य स्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम 2013 का प्रचार प्रसार हेतु संगोष्ठी का आयोजन

सरहद का साक्षी
SARHAD KA SAKSHI

**देवप्रयाग**: ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग, टिहरी गढ़वाल में कार्यस्थल पर महिला यौन उत्पीड़न निवारण समिति द्वारा "कार्य स्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम 2013" का प्रचार प्रसार करने हेतु संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

महाविधालय की प्राचार्य डॉ अर्चना धपवाल की अध्यक्षता में कार्यक्रम का संचालन करते हुए समिति की संयोजक डॉ शीतल वालिया ने छात्र-छात्राओं को POSH अधिनियम 2013 के प्रावधानों के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की ।

उन्होंने कहा कि उक्त अधिनियम का उद्देश्य कार्य स्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की घटनाओं को रोकना और उनका समाधान करना है तथा ऐसे उत्पीड़न से संबंधित शिकायतों के निवारण के लिए एक तंत्र प्रदान करना है। अधिनियम के अंतर्गत गठित आंतरिक परिवाद समिति के विषय में भी छात्र-छात्राओं को अवगत कराया गया।

महाविद्यालय में पुनर्गठित आंतरिक परिवाद समिति के सभी सदस्यों , शिकायत करने हेतु निर्मित मेल आईडी , कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न परिवाद,घटना की तारीख से 3 माह की अवधि के भीतर लिखित में आंतरिक परिवाद समिति के समक्ष प्रस्तुत करने संबंधी पूर्ण जानकारी छात्र-छात्राओं को प्रदान की गई।

इसके बाद प्राचार्य द्वारा छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए आंतरिक पर्यवेक्षक समिति की कार्य प्रणाली से अवगत कराया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में समिति के सदस्य डॉ अमित कुमार ,डॉ रश्मि

28 November 2024


Ranbow News

Clean & Clear


- ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय में POSH अधिनियम 2013 पर संगोष्ठी आयोजित



**ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय में POSH अधिनियम 2013 पर संगोष्ठी आयोजित**

**देवप्रयाग, टिहरी गढ़वाल—** ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय में महिला यौन उत्पीड़न निवारण समिति द्वारा "कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013" पर संगोष्ठी आयोजित की गई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य POSH अधिनियम 2013 के प्रावधानों को समझाना और कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना था।महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अर्चना धपवाल की अध्यक्षता में आयोजित इस संगोष्ठी का संचालन समिति की संयोजक डॉ. शीतल वालिया ने किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को POSH अधिनियम के उद्देश्य और प्रावधानों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। डॉ. वालिया ने बताया कि यह अधिनियम कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की घटनाओं को रोकने और उनकी शिकायतों के समाधान के लिए एक सशक्त तंत्र प्रदान करता है।संगोष्ठी में आंतरिक परिवाद समिति के गठन, इसकी प्रक्रिया और शिकायत दर्ज करने के लिए निर्धारित मेल आईडी के बारे में भी जानकारी दी गई। यह भी बताया गया कि यौन उत्पीड़न से संबंधित शिकायतें घटना की तारीख से तीन माह के भीतर लिखित रूप में प्रस्तुत की जा सकती हैं।प्राचार्य डॉ. अर्चना धपवाल ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए आंतरिक परिवाद समिति की कार्य प्रणाली से अवगत कराया और छात्रों को महिला सशक्तिकरण व अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया।इस कार्यक्रम में समिति के सदस्य डॉ. अमित कुमार, डॉ. रश्मि, और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। संगोष्ठी का समापन छात्रों के सवालों और जागरूकता की अपील के साथ किया गया।

देवभूमि संवाद न्यूज पोर्टल

# महाविद्यालय देवप्रयाग में मनाया गया 'संविधान दिवस'


November 27, 2024



ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग टिहरी गढ़वाल में प्रभारी प्राचार्य डॉ अर्चना धपवाल की अध्यक्षता में राजनीति विज्ञान विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के संयुक्तत्वावधान में 'संविधान दिवस' मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्राध्यापकों द्वारा संविधान निर्माण की महत्ता पर व्याख्यान दिए गए।डॉ. मनोज कुमार (असिस्टेंट प्रोफेसर इतिहास) ने मंच संचालन करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ शुभकामना संदेश के साथ किया साथ ही संविधान के मूल्यों एवं सिद्धांतों के बारे में जानकारी दी और संविधान निर्माण के प्रमुख बिंदुओं पर प्रकाश डाला। डॉ. अमित कुमार (असिस्टेंट प्रोफेसर शिक्षाशास्त्र) ने संविधान स्थापना दिवस का सार देते हुए संविधान निर्माण क्यों हुआ, संविधान स्थापना दिवस क्यों मनाया जाता है आदि पर विशेष व्याख्यान दिया। साथ ही बताया कि संविधान के स्थापना दिवस को मनाया जाना जितना आवश्यक है, उतना ही आवश्यक संविधान के तथ्यों की जानकारी का होना भी है। क्योंकि आज प्रत्येक प्रतियोगी परीक्षा में संविधान संबंधी तथ्यों से बहुत प्रश्न किए जाते हैं।अंत में प्राचार्या ने संविधान स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संविधान के बिना मनुष्य का जीवन अनियमित और अव्यवस्थित है। छात्र छात्राओं को संविधान की प्रथम बैठक से लेकर आज तक संविधान में हुए बदलावों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि भारत एक बहुत बड़ा लोकतांत्रिक देश है और इसका सबसे बड़ा लिखित संविधान है जो एक गर्व की बात है। उन्होंने महान विभूतियों को याद करते हुए नमन किया जिनका संविधान निर्माण में योगदान रहा है।कार्यक्रम का समापन शपथ ग्रहण के साथ हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे।

# देवप्रयाग में प्राचार्य एवं कर्मचारियों पर गुलदार द्वारा हमले का प्रयास, बाल बाल बचे

नेशनल वाणी डेस्कNovember 26, 2024



**ख़बर शेयर करें -**

- **महाविद्यालय द्वारा वन विभाग, निदेशालय एवं शासन को लगातार सूचित किया जाता रहा है परन्तु अभी तक उक्त के संबंध में कोई आवश्यक उचित कार्यवाही नहीं**
- **महाविद्यालय में भय का माहौल बना हुआ है...खौफ में महाविद्यालय का स्टाफ और छात्र छात्राएं निरन्तर घटित होने वाली घटनाओं के कारण छात्रों की उपस्थिति एवं शिक्षण कार्य प्रभावित29/11/2024 से महाविद्यालय में सेमेस्टर परीक्षाएँ प्रातः 9:00 बजे से सांय 4:00 बजे तक प्रस्तावित है**

देवप्रयाग : ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग, टिहरी गढ़वाल में सोमवार को दिनांक 25/11/2024 को सांय लगभग 4:30 बजे महाविद्यालय मोटर मार्ग में प्राचार्य एवं कर्मचारियों पर गुलदार द्वारा हमले का प्रयास किया गया। इससे पूर्व भी गुलदार द्वारा महाविद्यालय परिसर के आस-पास तीन-चार मवेशियों को शिकार बनाया जा चुका है। गत जुलाई माह में गुलदार एक सत्तरह वर्षीय स्थानीय बालक को महविद्यालय पैदल मार्ग पर अपना निवाला बना चुका है। गत माह में महाविद्यालय परिसर में ही दोपहर के समय गुलदार द्वारा एक गाय पर हमला किया गया जिसे महाविद्यालय कर्मचारियों द्वारा किसी तरह भगाया गया। महाविद्यालय प्राध्यापकों एव कर्मचारियों द्वारा गुलदार की आवाजाही निरन्तर देखी जा रही है, जिससे महाविद्यालय में भय का माहौल बना हुआ है एवं निरन्तर घटित होने वाली घटनाओं के कारण छात्रों की उपस्थिति एवं शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है।इस मामले में महाविद्यालय द्वारा वन विभाग, निदेशालय एवं शासन को लगातार सूचित किया जाता रहा है परन्तु अभी तक उक्त के संबंध में कोई आवश्यक उचित कार्यवाही नहीं की गयी है। दिनाँक 29/11/2024 से महाविद्यालय में सेमेस्टर परीक्षाएँ प्रातः 9:00 बजे से सांय 4:00 बजे तक प्रस्तावित है। महाविद्यालय पहुँचने हेतु पैदल मार्ग एवं मोटर मार्ग दोनों ही अत्यधिक असुरक्षित हैं।तदक्रम में उपरोक्त घटनाओं के कारण महविद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं एवं कार्मिकों के बीच भविष्य में सम्भावित किसी तरह की अनहोनी या जनहानि को लेकर आशंका बनी हुई है। अतः समय रहते शासन द्वारा उपरोक्त सन्दर्भ में उचित एवं त्वरित कार्यवाही अपेक्षित है।

# Rainbow News
Clean & Clear Voice






## ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में "जनजाति गौरव दिवस" मनाया गया

November 16, 2024

ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय, देवप्रयाग, टिहरी गढ़वाल में भगवान बिरसा मुंडा के 150वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में "जनजाति गौरव दिवस" के अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन संस्कृत विभाग के प्राध्यापक डॉ. एम.एन. नौडियाल ने किया।डॉ. नौडियाल ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन परिचय पर प्रकाश डालते हुए छात्र-छात्राओं को उनके संघर्ष, आदिवासी अधिकारों की लड़ाई और स्वतंत्रता संग्राम में उनके अतुलनीय योगदान से परिचित कराया।इतिहास विभाग के प्राध्यापक डॉ. मनोज कुमार ने बिरसा मुंडा के जीवन और उनके द्वारा जनजातीय समाज में किए गए सुधारों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बिरसा मुंडा को भारतीय आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम के प्रतीक और प्रेरणा स्रोत के रूप में प्रस्तुत किया।कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस आयोजन ने आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को याद करते हुए सभी में जागरूकता और गर्व का भाव उत्पन्न किया।

गढ़निनाद
जन जन की आवाज

# ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में यूथ रेड क्रॉस का पंजीकरण



टिहरी गढ़वाल 13 नवंबर 2024। ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय, देवप्रयाग में आज प्रभारी प्राचार्य श्रीमती अर्चना धपवाल की अध्यक्षता में महाविद्यालय के यूथ रेड क्रॉस का पंजीकरण किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत रेड रिबन क्लब के प्रतिनिधि एवं प्रवक्ता फर्स्ट एड श्री मुंशी चौमवाल ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को प्राथमिक उपचार के महत्त्व पर एक विशेष व्याख्यान दिया।अपने व्याख्यान में श्री चौमवाल ने रेड रिबन क्लब की स्थापना और उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए प्राथमिक उपचार (फर्स्ट ऐड), गोल्डन मिनट, गोल्डन ऑवर, और सी.पी.आर. (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि किसी भी आयु वर्ग में हृदय घात जैसी समस्याएं अचानक उत्पन्न हो सकती हैं। ऐसी स्थिति में, अस्पताल पहुंचने से पहले पीड़ित को प्राथमिक उपचार देकर जान बचाई जा सकती है। सी.पी.आर. तकनीक के माध्यम से हृदय घात जैसी आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए चोकिंग और अन्य जोखिमों को कम किया जा सकता है।इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एम. एन. नौडियाल ने मुख्य वक्ता श्री मुंशी चौमवाल को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए छात्र-छात्राओं को यूथ रेड क्रॉस में स्वेच्छा से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।

# Rainbow News
Clean & Clear Voice


- राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा द्वितीय एक दिवसीय शिविर का हुआ आयोजन




राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा द्वितीय एक दिवसीय शिविर का हुआ आयोजन  आज दिनांक 08/11/2024 को ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय, देवप्रयाग, टिहरी गढ़वाल की स्वयं सेवा योजना इकाई द्वारा प्राचार्य डॉ अर्चना धपवाल के दिशा निर्देशन में द्वितीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम समन्वयक डॉ ओम प्रकाश के नेतृत्व में , महाविद्यालय परिसर में सफाई अभियान चलाया गया। सभी स्वयं सेवकों द्वारा परिसर के चारों ओर अलग-अलग टीम बनाकर कूड़ा निस्तारण एवं पॉलीथिन उन्मूलन किया गया।कार्यक्रम में पूर्व छात्र संघ पदाधिकारी ने भी सहभागिता निभाई। सफाई अभियान के पश्चात् प्राध्यापकों,कर्मचारियों तथा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के समस्त छात्र-छात्राओं द्वारा महाविद्यालय को स्वच्छ बनाए रखने का संकल्प लिया गया तत्पश्चात सभी स्वयंसेवकों हेतु जलपान की व्यवस्था की गई तथा एक दिवसीय शिविर कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कार्यक्रम समन्वयक डॉ ओमप्रकाश ,डॉ मनोज कुमार ,डॉ रंजू उनियाल एवं श्री सूरज रावत ने सक्रिय भूमिका का निर्वहन किया ।

देवभूमि संवाद

# राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में छात्रसंघ चुनाव की तैयारियों को लेकर अहम बैठक

October 18, 2024



**देवप्रयाग**: ओमकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग, टिहरी गढ़वाल में प्रभारी प्राचार्या डॉ अर्चना धपवाल की अध्यक्षता में आगामी छात्रसंघ चुनाव की तैयारी हेतु छात्रसंघ निर्वाचन समिति की एक बैठक आहूत की गई। जिसमें छात्रसंघ चुनाव 2024-25 के शांतिपूर्ण निष्पादन हेतु चर्चा की गई। बैठक में चर्चा के अग्रलिखित प्रमुख बिंदु शामिल थे।समयबद्ध निर्वाचक नियमावली तैयार करना, परिचय पत्र उपलब्ध कराना तथा चुनाव पूर्व सभी आवश्यक प्रपत्र तैयार करना आदि।इस अवसर पर छात्रसंघ निर्वाचन समिति के संयोजक डॉ. मुहम्मद इलियास, समिति सदस्य डॉ सुबोध, डॉ सोनिया, डॉ ओम प्रकाश, डॉ अदिल कुरैशी, संदीप सिंह, दीपक सिंह उपस्थित रहे।

•

# छात्रसंघ चुनाव 2024-25 के शांतिपूर्ण आयोजन हेतु बैठक

इसी दिन महाविद्यालय में आगामी छात्रसंघ चुनाव 2024-25 की तैयारी हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक भी आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता भी प्रभारी प्राचार्या डॉ. अर्चना धपवाल ने की।



बैठक में छात्रसंघ निर्वाचन समिति के संयोजक डॉ. मुहम्मद इलियास और अन्य सदस्य—डॉ. सुबोध, डॉ. सोनिया, डॉ. ओम प्रकाश, डॉ. अदिल कुरैशी, श्री संदीप सिंह, और श्री दीपक सिंह मौजूद रहे।बैठक में चुनाव संबंधी मुख्य बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई, जिनमें समयबद्ध नियमावली तैयार करना, परिचय पत्र प्रदान करना, और चुनाव से पूर्व सभी आवश्यक दस्तावेजों की तैयारी शामिल है। चुनाव के शांतिपूर्ण और सफल निष्पादन के लिए सभी सदस्यों ने मिलकर कार्ययोजना पर सहमति व्यक्त की।

गढ़ निनाद
जन जन की आवाज

# ओमकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में शिक्षक-अभिभावक संघ का गठन




टिहरी गढ़वाल, 22 अक्टूबर 2024 । ओमकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय, देवप्रयाग में सत्र 2024-25 के लिए शिक्षक-अभिभावक संघ का गठन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्या डॉ. अर्चना धपवाल ने की।अध्यक्ष पद पर श्री लखपत सिंह महर, उपाध्यक्ष पद पर श्रीमती रौशनी देवी, और कोषाध्यक्ष पद के लिए श्री रामलाल का चयन किया गया। प्राध्यापक मंडल की ओर से डॉ. एम.एन. नौडियाल (असि. प्रोफेसर, संस्कृत) को संघ का मंत्री नियुक्त किया गया।इस अवसर पर छात्र अभिभावक समिति संयोजक डॉ. पारुल रतूड़ी (असिस्टेंट प्रो. भौतिक विज्ञान) ने कहा कि शिक्षक अभिभावक संघ का गठन इसलिए किया जाता है कि ताकि अभिभावक और शिक्षक मिल कर महाविद्यालय में अध्यापन के वातावरण को विकसित कर सके और इस प्रकार दोनों का उद्देश्य छात्र के भविष्य को संवारना है।प्राचार्य डॉ अर्चना धपवाल ने कहा कि महाविद्यालय में न केवल शिक्षक अभिभावक संघ के सदस्य बल्कि प्रत्येक बच्चे के अभिभावक की जिम्मेदारी है कि वे महाविद्यालय की गतिविधियों पर नजर रखें और प्राध्यापकों के साथ सामंजस्य बनाएं रखें ताकि छात्रों के पठन पाठन को सुव्यवस्थित किया जा सके और जो कमियां हैं उन्हें दूर किया जा सके।इस अवसर पर समिति संयोजक डॉ पारुल रतूड़ी,सदस्य डॉ. सोनिया, डॉ तानिया नौटियाल, अन्य प्राध्यापकों में वरिष्ठ प्रध्यापक डॉ. एम एन नौडियाल, डॉ रंजू उनियाल, डॉ ओम प्रकाश, डॉ रश्मि एवं अभिभावक संघ की ओर से श्री लखपत सिंह महर, श्रीमती रौशनी देवी, श्री रामलाल शिक्षणेत्तर कर्मचारी में श्री दिनेश बलूनी और श्री अर्जुन मौजूद रहे।

NEWS गढ़ निनाद
जन जन की आवाज

# ओमकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में रसायन विज्ञान में कैरियर निर्माण पर कार्यक्रम संपन्न






देवप्रयाग, 25 अक्टूबर 2024: ओमकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय, देवप्रयाग, टिहरी गढ़वाल में आज कैरियर काउंसलिंग समिति द्वारा "रसायन विज्ञान विषय में कैरियर निर्माण की संभावनाएं" विषय पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्या डॉ. अर्चना धपवाल ने की।कार्यक्रम की शुरुआत समिति संयोजक डॉ. अदिल कुरैशी (असिस्टेंट प्रोफेसर, जंतु विज्ञान) ने की। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में समय-समय पर छात्रों के लिए कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, ताकि विद्यार्थियों को भविष्य निर्माण के लिए उचित मार्गदर्शन मिल सके।इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. इलियास (असिस्टेंट प्रोफेसर, रसायन विज्ञान) ने छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने रसायन विज्ञान की बुनियादी से लेकर उन्नत स्तर की जानकारी साझा की और बताया कि इस विषय में गहन समझ न केवल सरकारी बल्कि निजी क्षेत्र में भी बेहतरीन करियर अवसर प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि रसायन विज्ञान के क्षेत्र में शिक्षण, रिसर्च, ओएनजीसी, उच्च शोध संस्थान, सीमेंट और टेक्सटाइल उद्योग, पेंट उद्योग, बायोकेमिकल, फार्मास्युटिकल, क्रिस्टोग्राफी, तथा केमिकल साइंटिस्ट जैसे विविध अवसर उपलब्ध हैं।डॉ. इलियास ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि रसायन विज्ञान में उत्कृष्ट प्रदर्शन से वे अपने करियर को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकते हैं। कार्यक्रम का समापन करते हुए डॉ. अदिल कुरैशी ने कहा कि महाविद्यालय में अनुभवी प्राध्यापक मौजूद हैं, जो विद्यार्थियों को उचित मार्गदर्शन प्रदान कर सकते हैं और छात्रों को इन अवसरों का भरपूर लाभ उठाना चाहिए।इस कार्यक्रम में समिति सदस्य डॉ. रंजू उनियाल और डॉ. रश्मि के साथ अन्य प्राध्यापक डॉ. सुबोध कुमार, डॉ. पारुल रतूड़ी और डॉ. संजीव कुमार भी उपस्थित रहे। शिक्षणेत्तर कर्मचारियों में श्री दीपक चौहान और श्री दिनेश बलूनी ने कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

देवभूमि संवाद

# राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में 'अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस' पर कार्यक्रम आयोजित




**देवप्रयाग**: ओमकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग, टिहरी गढ़वाल में आज प्रभारी प्राचार्या डॉ अर्चना धपवाल की अध्यक्षता में कार्यक्रम संयोजक डॉ. ओम प्रकाश द्वारा कम्युनिटी इंगेजमेंट कार्यक्रम के अंतर्गत वृद्धजनों के कल्याणार्थ 'अंतराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस' पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें गुजरात से आए हुए मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में डॉ.आर.वी. अग्रवाल (सेवानिवृत्त मनोचिकित्सक, गुजरात) ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए अपने विचार रखते हुए कहा कि आज की पीढ़ी के लिए मानसिक रूप सशक्त होना बहुत आवश्यक है।उन्होंने बताया विद्यार्थियों को सुव्यवस्थित जीवन जीने के लिए स्ट्रेस मैनेजमेंट हेतु योग, ध्यान व मेडिटेशन के साथ सुचारू जीवनचर्या को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाना

चाहिए। गोपाल प्रजापति (सेवानिवृत्त ऑफिसर मृदा एवं जल संरक्षण विभाग, गुजरात) ने छात्र छात्राओं को हर अवसर को सार्थक बनाने का संदेश देते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन में विद्यार्थी के सम्मुख कई चुनौतियां हैं एवं पहाड़ी क्षेत्रों में छात्र का जीवन ज़्यादा संघर्षपूर्ण है।कहा कि छात्र बहुत दूर दराज के गांवों से सफ़र कर महाविद्यालय में पढ़ने आते हैं, यही हौसला उन्हें निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा। प्रश्नोत्तरी श्रृंखला के अंतर्गत छात्र छात्राओं द्वारा पूछे गये प्रश्नों का भी मुख्य वक्ताओं द्वारा संतोषजनक जवाब दिए गए। वरिष्ठ प्रध्यापक डॉ. एम.एन. नौडियाल ने इस समाज में वृद्धजनों की महत्ता पर प्रकाश डाला। बताया कि समाज में वृद्धों के अनुभव आने वाली पीढ़ी के लिए आइने का काम करते हैं।अंत में प्राचार्या डॉ.अर्चना धपवाल ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि वृद्धजनों का सम्मान करना चाहिए और नई पीढ़ी के बच्चों को उनके साथ अपने विचार साझा करने चाहिए. ताकि सामंजस्यपूर्ण माहौल बना रहे। प्राचार्या के उदभाषण के साथ कार्यक्रम के समापन की घोषणा हुई। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों एवं छात्र छात्राओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

ainbow News
Clean & Clear Voice



**ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में गढ़ भोज कार्यक्रम का आयोजन**


**देवप्रयाग, टिहरी गढ़वाल (7 अक्टूबर 2024)** – ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर लीना पुंडीर की अध्यक्षता में सांस्कृतिक समिति एवं हिंदी विभाग द्वारा "गढ़ भोज" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में "परंपरागत पहाड़ी व्यंजनों का औषधीय महत्व" और "परंपरागत पहाड़ी व्यंजनों की पाक कला विधि" विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।




छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक परिधान में पहाड़ी व्यंजनों का स्वादिष्ट प्रदर्शन किया, जिसमें मडवें की रोटी, झंगोरे की खीर, दाल के पकोड़े, मक्की, काखडी, पिंस्यू लूण, गुलगुले, अरसे, रोट, गहथ का फाणु, भटवाणी, और बाड़ी जैसे विविध व्यंजन शामिल थे।कार्यक्रम के दौरान, हिंदी विभाग की अध्यापिका डॉक्टर रंजू उनियाल ने औषधीय गुणों से भरपूर फसलों से बने व्यंजनों के महत्व पर जानकारी प्रदान की।इस सफल आयोजन में सांस्कृतिक समिति की संयोजक डॉ. सोनिया ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंत में, प्राचार्य डॉक्टर लीना पुंडीर ने सभी छात्र-छात्राओं को गढ़ भोज दिवस कीशुभकामनाएं दीं। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी, और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

1. ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में स्वतंत्रता दिवस पूर्व विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन
2. पीजी कॉलेज कोटद्वार में गढ़ भोज दिवस का नेक टीम ने रिबन काटकर किया शुभारम्भ
3. डॉ० मौर्य ने प्राचार्य का कार्यभार ग्रहण किया, चंद्रबदनी महाविद्यालय में प्राचार्य का स्वागत
4. ओंकारानंद महाविद्यालय देवप्रयाग में हर घर तिरंगा अभियान एवं नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत विविध कार्यक्रमों का हुआ आयोजन
5. ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग के विधार्थियो को मिली छात्रवृत्ति
6. सचिव चंद्रेश यादव नें लगाया संस्कृत शिक्षा के समस्त प्रश्नों पर विराम, संस्कृत जगत में हर्ष की लह

# Rainbow News
Clean & Clear Voice



## गंगा स्वच्छता पखवाड़ा के तहत पोस्टर, स्लोगन एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

**देवप्रयाग, 30 सितंबर 2024:** ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय, देवप्रयाग, टिहरी गढ़वाल की नमामि गंगे समिति के तत्वावधान में गंगा स्वच्छता पखवाड़ा (स्वच्छता ही सेवा) के तहत विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत आयोजित किया गया।समिति के सदस्य डॉ. सोनिया और डॉ. अमित कुमार के नेतृत्व में राजकीय प्राथमिक विद्यालय, देवप्रयाग में पोस्टर, स्लोगन और निबंध प्रतियोगिता का सफल आयोजन हुआ। छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया।कार्यक्रम के समापन पर प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। नमामि गंगे समिति ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।कार्यक्रम का उद्देश्य गंगा स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और छात्रों को स्वच्छता अभियान में योगदान देने के लिए प्रेरित करना था।

1. राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग स्वच्छता पखवाड़ा जन जागरूकता रैली के साथ संपन्न
2. नमामि गंगे स्वच्छता पखवाड़ा: महाविद्यालय देवप्रयाग द्वारा जागरूकता अभियान
3. ऋषिकेश में गंगा उत्सव रैली, गंगा नदी हमारी सांस्कृतिक धरोहर- प्रो० महावीर सिंह रावत
4. कैंपस ऋषिकेश: सात दिवसीय नमामि गंगे नदी उत्सव का आयोजन
5. नमामि गंगे 2.0' परियोजना शुरू करेगी सरकार
6. एनएसएस के स्वयंसेवियों ने ऋषिकेश त्रिवेणी घाट में चलाया स्वच्छता अभियान

NEWS गढ़ निनाद
जन जन की आवाज

## महाविद्यालय देवप्रयाग में अंग्रेजी विभागीय प्रतियोगिता के विजेताओं को किया गया सम्मानित



टिहरी गढ़वाल 28 सितंबर 2024। ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय, देवप्रयाग (टिहरी गढ़वाल) में अंग्रेजी विभाग द्वारा आयोजित विभागीय प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। यह कार्यक्रम प्रभारी प्राचार्य डॉ अर्चना धपवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।प्रतियोगिता में रिया (बीए चतुर्थ सेमेस्टर) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि पलक और अमिता (बीए चतुर्थ सेमेस्टर) ने द्वितीय स्थान साझा किया। तृतीय स्थान शिवानी (बीए चतुर्थ सेमेस्टर) ने प्राप्त किया। इस अवसर पर विभाग प्रभारी डॉ लीना पुंडीर ने सभी विजेताओं को शुभकामनाएं दीं।

Rainbow News
Clean & Clear Voice



# ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

September 25, 2024

ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग ,टिहरी गढ़वाल में प्रभारी प्राचार्य डॉ अर्चना धपवाल की अध्यक्षता में समाजशास्त्र विभागीय परिषद के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं हेतु पुरस्कार- वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के अंतर्गत सर्वप्रथम विभाग प्रभारी डॉ शीतल वालिया ने प्रतियोगिताओं का परिणाम घोषित किया। निबन्ध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बी .ए. तृतीय वर्ष की छात्रा संतोषी मिश्रा ने प्राप्त किया । द्वितीय स्थान बी. ए. द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा अमिषा चौहान ने एवं तृतीय स्थान बी. ए. चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा मानसी ने प्राप्त किया। सामान्यज्ञान प्रतियोगिता के अंतर्गत प्रथम एवम द्वितीय स्थान क्रमशः शाहिल चंद (बी. ए. चतुर्थ सेमेस्टर) एवम विशाल ( बी. ए. तृतीय वर्ष ) ने प्राप्त किया। तृतीय स्थान संयुक्त रूप से राहुल प्रकाश (बी. ए. चतुर्थ सेमेस्टर) एवं प्रीति(बी. ए. चतुर्थ सेमेस्टर) ने प्राप्त किया । तत्पश्चात श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को विभाग द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए।इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य ने विजेता छात्र-छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रदान कर सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

LIVE BREAKING NEWS
उत्तराखण्ड प्रभारी संजय राजपूत
बुलन्द वाणी
Buland Vani
bulandvani@gmail.com
26-09-2024
मजलूमों की आवाज...

# ओंकारानंद सरस्वती महाविद्यालय में समाजशास्त्र विभागीय परिषद् के अन्तर्गत पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया




टिहरी गढ़वाल, देवप्रयाग। ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में प्रभारी प्राचार्य डॉ अर्चना धपवाल की अध्यक्षता में समाजशास्त्र विभागीय परिषद के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं हेतु पुरस्कार- वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत सर्वप्रथम विभाग प्रभारी डॉ शीतल वालिया ने प्रतियोगिताओं का परिणाम घोषित किया। निबन्ध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बी .ए. तृतीय वर्ष की छात्रा संतोषी मिश्रा ने प्राप्त किया । द्वितीय स्थान बी. ए. द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा अमिषा चौहान ने एवं तृतीय स्थान बी. ए. चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा मानसी ने प्राप्त किया। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के अंतर्गत प्रथम एवम द्वितीय स्थान क्रमशः शाहिल चंद (बी. ए. चतुर्थ सेमेस्टर) एवम विशाल ( बी. ए. तृतीय वर्ष ) ने प्राप्त किया। तृतीय स्थान संयुक्त रूप से राहुल प्रकाश (बी. ए. चतुर्थ सेमेस्टर) एवं प्रीति(बी. ए. चतुर्थ सेमेस्टर) ने प्राप्त किया । तत्पश्चात श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को विभाग द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य ने विजेता छात्र-छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रदान कर सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

न्यूज देने के लिए 9760241521 पर भेजें
Buland Vani Live
आपका अपना न्यूज पोर्टल चैनल
Buland Vani
लाखों दर्शकों का पसंदीदा
No. 1 News Channel
विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें

गढ़निनाद
जन जन की आवाज

# महाविद्यालय देवप्रयाग में प्राध्यापक संघ की बैठक: एनपीएस/यूपीएस का विरोध

26 September 2024



टिहरी गढ़वाल 26सितंबर 2024। ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय, देवप्रयाग, टिहरी गढ़वाल में प्राध्यापक संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक प्रभारी प्राचार्य डॉ. अर्चना धपवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें कई अहम मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया।बैठक में मुख्य विषयों में एनपीएस (नई पेंशन योजना) और यूपीएस (यूनिवर्सल पेंशन सिस्टम) का विरोध, महाविद्यालय स्तर पर महासंघ की इकाई/अंतरिम कार्यकारिणी का पुनर्गठन, और महासंघ निर्माण कोष हेतु आर्थिक सहयोग शामिल थे।बैठक में प्राध्यापकों ने एनपीएस और यूपीएस की खामियों पर गहन चर्चा की, जिसमें इन व्यवस्थाओं की कमजोरियों को उजागर करते हुए पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) को पुनः लागू करने की मांग की गई। सभी ने एकमत से पुरानी पेंशन योजना का समर्थन किया, जिसे वे कर्मचारियों के लिए अधिक सुरक्षित और लाभकारी मानते हैं।इसके बाद महाविद्यालय स्तर पर गठित महासंघ की अंतरिम कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया। संगठन के सुदृढ़ीकरण और प्रभावी कार्यप्रणाली हेतु प्राध्यापकों ने 'महासंघ निर्माण कोष' में आर्थिक सहयोग प्रदान करने का संकल्प लिया। सभी सदस्यों ने महासंघ के निर्माण और इसके उद्देश्यों के प्रति अपनी पूर्ण प्रतिबद्धता और समर्थन व्यक्त किया।बैठक के अंत में प्राचार्य डॉ. अर्चना धपवाल ने सभी प्राध्यापकों के योगदान और सक्रिय भागीदारी के प्रति आभार व्यक्त किया, साथ ही महासंघ के उद्देश्यों को साकार करने के लिए सभी को मिलकर कार्य करने का आह्वान किया।

Seetal Medam Ji Degree Collage
Today at 10:02 am

LIVE BREAKING NEWS
उत्तराखण्ड प्रभारी संजय राजपूत
बुलन्द वाणी
Buland Vani
bulandvani@gmail.com
26-09-2024
मजलूमों की आवाज...

# ओंकारानंद सरस्वती महाविद्यालय में समाजशास्त्र विभागीय परिषद् के अन्तर्गत पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया



टिहरी गढ़वाल, देवप्रयाग। ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महा-विद्यालय देवप्रयाग में प्रभारी प्राचार्य डॉ अर्चना धपवाल की अध्यक्षता में समाजशास्त्र विभागीय परिषद के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं हेतु पुरस्कार- वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत सर्वप्रथम विभाग प्रभारी डॉ शीतल वालिया ने प्रतियोगिताओं का परिणाम घोषित किया। निबन्ध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बी .ए. तृतीय वर्ष की छात्रा संतोषी मिश्रा ने प्राप्त किया । द्वितीय स्थान बी. ए. द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा अमिषा चौहान ने एवं तृतीय स्थान बी. ए. चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा मानसी ने प्राप्त किया। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के अंतर्गत प्रथम एवम द्वितीय स्थान क्रमशः शाहिल चंद (बी. ए. चतुर्थ सेमेस्टर) एवम विशाल ( बी. ए. तृतीय वर्ष ) ने प्राप्त किया। तृतीय स्थान संयुक्त रूप से राहुल प्रकाश (बी. ए. चतुर्थ सेमेस्टर) एवं प्रीति(बी. ए. चतुर्थ सेमेस्टर) ने प्राप्त किया । तत्पश्चात श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को विभाग द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य ने विजेता छात्र-छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रदान कर सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

न्यूज देने के लिए 9760241521 पर भेजें
Buland Vani Live
आपका अपना न्यूज पोर्टल चैनल
No. 1 News Channel
लाखों दर्शकों का पसंदीदा
विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें

sarhadkasakshi.com/गंगा-स्वच्छता-पखवाड़ा-स/

HOME देश/दुनिया उत्तराखंड पर्यटन/पर्यावरण राजनीति/चुनाव FEATURED

# गंगा स्वच्छता पखवाड़ा (स्वच्छता ही सेवा ) कार्यक्रम के तहत 'हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम' का आयोजन

By Kedar Singh Chauhan 'Pravar' - September 25, 2024



▶ यहाँ क्लिक कर पोस्ट सुनें

## गंगा स्वच्छता पखवाड़ा (स्वच्छता ही सेवा ) कार्यक्रम के तहत 'हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम' का आयोजन

**देवप्रयाग:** ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग, टिहरी गढ़वाल में प्राचार्य डॉ अर्चना धपवाल की अध्यक्षता में नमामि गंगे समिति द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा गंगा स्वच्छता पखवाड़ा (स्वच्छता ही सेवा ) कार्यक्रम के तहत 'हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम' का आयोजन किया गया।


Powered by Razorpay

Sarhad Ka Sakshi News Portal

Viksit Bharat- From Vision to Action

Big Decisions for Development Schemes worth ₹15 lakh crore in 100 Days


उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ एम एन नौडियाल, डॉ आदिल कुरैशी, डॉ०सोनिया, डॉ०संजीव कुमार, डॉ०अनित कुमार आदि उपस्थित रहें। हस्ताक्षर अभियान में छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया।

**Related Post**



'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम के अन्तर्गत 'गंगा स्वच्छता शपथ' व 'हस्ताक्षर अभियान'



नमामि गंगे परियोजना के तत्वावधान में हस्ताक्षर अभियान व गंगा स्वच्छता शपथ समारोह का किया आयोजन



राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन द्वारा संचालित 'नमामि गंगे परियोजना' में 'गंगा स्वच्छता पखवाड़ा' ...


अपना समाचार यहाँ लिखें

Post Title Here

Write Your Post Contents

Comma Separated Tags

Upload Featured Image and Additional Images

Choose Files No file chosen

Reset Submit Post

3 Crore Additional Houses

₹5 Lakh Crore for Dignified Life for Crores of Families through Pucca House

Viksit Bharat

CBC


TAGS 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम 'हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम' गंगा

10:59 AM 27-Sep-24

गढ़निनाद
जन जन की आवाज

# देवप्रयाग में ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय में पुरस्कार वितरण समारोह

25 September 2024



टिहरी गढ़वाल 25 सितंबर 2024। ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय, देवप्रयाग में प्रभारी प्राचार्य अर्चना धपवाल की अध्यक्षता में हिंदी विभाग द्वारा निबंध प्रतियोगिता एवं स्वरचित कविता प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस अवसर पर निबंध प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार गीतिका चौहान (बीए 4 सेम), द्वितीय पुरस्कार ऋषभ नेगी (बीए 4 सेम), और तृतीय पुरस्कार अनूप कुमार भट्ट (एमए 4 सेम) ने प्राप्त किया। सांत्वना पुरस्कार के विजेता अमन कोटियाल और समीक्षा ध्यानी (दोनों एमए 4 सेम) रहे।स्वरचित कविता प्रतियोगिता में अनूप कुमार भट्ट ने प्रथम, ईशा भट्ट (बीए 2 सेम) ने द्वितीय, और पल्लवी भट्ट (बीए 4 सेम) ने तृतीय स्थान हासिल किया। ये प्रतियोगिताएं क्रमशः 23 मार्च 2024 और 16 अप्रैल 2024 को आयोजित की गई थीं।निर्णायक मंडल में डॉ. शीतल वालिया (समाजशास्त्र), डॉ. दिनेश नेगी (अर्थशास्त्र), और डॉ. सोनिया (राजनीति विज्ञान) शामिल थे, जबकि स्वरचित कविता प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ. लीना पुंडीर (अंग्रेजी), डॉ. रश्मि (भूगोल) और डॉ. शीतल वालिया (समाजशास्त्र) रहे।इस कार्यक्रम में हिंदी विषय की प्राध्यापिका डॉ. सृजना राणा और भूगोल विभाग की प्राध्यापिका डॉ. रश्मि भी मौजूद थीं, जिन्होंने विद्यार्थियों की रचनात्मकता और प्रतिभा की सराहना की।यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को साहित्य के प्रति प्रेरित करने और उनकी प्रतिभा को पहचानने का एक महत्वपूर्ण कदम था

(1) WhatsApp | पोस्टर प्रतियोगिता में चतुर्थ श्रेणी की

regionalreporter.in/fourth-class-student-palak-negi-came-first-in-the-poster-competition/

Wednesday, September 25, 2024

# रीजनल रिपोर्टर

सरोकारों से साक्षात्कार

ख़बरों की ख़बर | मंथन | ख़बरें | साहित्य | संपादकीय | विज्ञान और तकनीक | स्वास्थ्य | पहाड़ रैबार | शहरनामा

Home / ख़बरें / पोस्टर प्रतियोगिता में चतुर्थ श्रेणी की पलक नेगी प्रथम



Search

Search

## Recent Posts

गौचर मेले की प्रथम बैठक 28 सितंबर को गौचर में आयोजित

तुंगनाथ धाम में पहली बार श्रद्धालुओं की संख्या भारी इजाफा

पोस्टर प्रतियोगिता में चतुर्थ श्रेणी की पलक नेगी प्रथम

देवप्रयाग महाविद्यालय में तनाव प्रबंधन और न्यूरो लिंग्विस्टिक प्रोग्रामिंग पर गोष्ठी आयोजित

Breaking News: बदरीनाथ धाम में मलेशिया निवासी परिवार के पिता-पुत्र नदी में बहे

Type here to search

10:30 AM 25-Sep-24

(1) WhatsApp | पोस्टर प्रतियोगिता में चतुर्थ श्रेणी की

regionalreporter.in/fourth-class-student-palak-negi-came-first-in-the-poster-competition/



ख़बरें

# पोस्टर प्रतियोगिता में चतुर्थ श्रेणी की पलक नेगी प्रथम

September 24, 2024 / रीजनल रिपोर्टर ब्यूरो

**रीजनल रिपोर्टर ब्यूरो**

मंगलवार, 24 सितम्बर को ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में प्रभारी प्राचार्य अर्चना धपवाल की अध्यक्षता में भूगोल विभाग के विभाग प्रभारी डॉ रश्मि द्वारा विभागीय परिषद् के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता एवं निबन्ध प्रतियोगिता में विजयी विद्यार्थियों के लिए पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर क्रमशः पलक नेगी (बी ए 4 सेम ), कामनी (बी ए 3 वर्ष) एवं चांदनी (बी ए 4 सेम) रहे निबंध प्रतियोगिता में शालनी (बी ए 4 सेम ), पलक नेगी (बी ए 4 सेम ), चांदनी (बी ए 4 सेम) ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान हासिल किया।

प्रतियोगिता 05 मार्च 2024 को आयोजित कराई गई थी जिसमें पोस्टर प्रतियोगिता का विषय – **"उत्तराखंड चार धाम यात्रा"** और निबंध प्रतियोगिता का विषय **"उत्तराखंड में पर्यटन"** था। प्रतियोगिता का परिणाम 20 मार्च 2024 24 को निर्णायक मंडल द्वारा घोषित किया गया था। जिसमें निबन्ध प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में डॉ रेनु उनियाल (असिस्टेंट प्रोफेसर हिंदी) एवं डॉ सुजाता राणा (असिस्टेंट प्रोफेसर हिंदी) पोस्टर प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में डॉ दिनेश नेगी (असिस्टेंट प्रोफेसर अर्थशास्त्र) एवं डॉ सोनिया (असिस्टेंट प्रोफेसर राजनीति विज्ञान) ने प्रमुख भूमिका निभाई।

आज के पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में भी निर्णायक मंडल की प्रमुख भूमिका रही। इस अवसर पर भूगोल विषय के लैब सहायक सूरज भी मौजूद रहे।

## केदारनाथ में मानव श्रृंखला बना कर दिया स्वच्छता का संदेश



Search

Search

## Recent Posts

गौचर मेले की प्रथम बैठक 28 सितंबर को गौचर में आयोजित

तुंगनाथ धाम में पहली बार श्रद्धालुओं की संख्या भारी इजाफा

पोस्टर प्रतियोगिता में चतुर्थ श्रेणी की पलक नेगी प्रथम

देवप्रयाग महाविद्यालय में तनाव प्रबंधन और न्यूरो लिंग्विस्टिक प्रोग्रामिंग पर गोष्ठी आयोजित

Breaking News: बदरीनाथ धाम में मलेशिया निवासी परिवार के पिता-पुत्र नदी में बहे

## Recent Comments

सौरभ पाण्डेय on बोल्डर गिरने से बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग हुआ अवरूद्ध

सौरभ पाण्डेय on Murder Mistery : मरने से पहले व्हाट्सएप स्टेटस पर मारने वालों का नाम किया उजागर

डॉ स्वाती नेगी उत्तराखंड गौरव रत्न सम्मान से हुई सम्मानित - रीजनल रिपोर्टर on कठुवा आतंकी हमले में उत्तराखण्ड के पांच लाल शहीद

Type here to search

10:30 AM 25 Sep 24

Tuesday, September 24, 2024

# Rainbow News
Clean & Clear Voice

- देवप्रयाग महाविद्यालय में 'राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस' के अवसर पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन




## देवप्रयाग महाविद्यालय में 'राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस' के अवसर पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन

September 24, 2024आज ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग , टिहरी गढ़वाल में प्राचार्य डॉ अर्चना धपवाल की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयोजक डॉ ओम प्रकाश द्वारा 'राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस' के अवसर पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ ओम प्रकाश ने सर्वप्रथम छात्र छात्राओं को एन एस एस की स्थापना ,उसके उद्देश्य तथा एन एस एस के अंतर्गत आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया। इसके बाद महाविद्यालय की संरक्षिका प्राचार्य महोदय ने छात्र-छात्राओं को एनएसएस के महत्व के विषय में जानकारी प्रदान की तथा एनएसएस स्थापना दिवस के अवसर पर सभी स्वयं सेवी छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए एक दिवसीय शिविर का शुभारंभ किया।कार्यक्रम के अंतर्गत सभी स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं द्वारा महाविद्यालय परिसर की सफाई एवं परिसर से पॉलीथिन उन्मूलन काकार्य किया गया। महाविद्यालय परिसर में सफाई करने के पश्चात स्वयं सेवी छात्र छात्राओं द्वारा महाविद्यालय के चारों ओर स्वच्छता अभियान चलाया गया।श्रमदान के पश्चात कार्यक्रम प्रभारी द्वारा स्वयंसेवियों के जलपान की व्यवस्था की गई। उक्त कार्यक्रम में सभी स्वयं सेवी छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया।

सरहद का साक्षी
SARHAD KA SAKSHI

# देवप्रयाग महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस के अवसर पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन

By **Kedar Singh Chauhan 'Pravar'** - September 24, 2024



▶ यहाँ क्लिक कर पोस्ट सुनें

## देवप्रयाग महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस के अवसर पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन

**देवप्रयाग, टिहरी:** ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग टिहरी गढ़वाल में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस के अवसर पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया।

ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में प्राचार्य डॉ अर्चना धपवाल की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयोजक डॉ ओम प्रकाश द्वारा **'राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस'** के अवसर पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ ओम प्रकाश ने सर्वप्रथम छात्र छात्राओं को एन एस एस की स्थापना ,उसके उद्देश्य तथा एन एस एस के अंतर्गत आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया। इसके बाद महाविद्यालय की संरक्षिका प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं को एनएसएस के महत्व के विषय में जानकारी प्रदान की तथा एनएसएस स्थापना दिवस के अवसर पर सभी स्वयं सेवी छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए एक दिवसीय शिविर का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के अंतर्गत सभी स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं द्वारा महाविद्यालय परिसर की सफाई एवं परिसर से पॉलीथिन उन्मूलन का कार्य किया गया।

यह भी पढ़ें : **देवप्रयाग महाविद्यालय में छात्र संघ हेतु अध्यक्ष अरविंद सिंह व सचिव प्रियभरत**

Tuesday, September 24, 2024

Rainbow News
Clean & Clear Voice

- राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में गंगा स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का आयोजन





## राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में गंगा स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का आयोजन

आज दिनांक 21/09/2024 को ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग, टिहरी गढ़वाल में प्राचार्य डॉ अर्चना धपवाल की अध्यक्षता में नमामि गंगे समिति द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा गंगा स्वच्छता पखवाड़ा (स्वच्छता ही सेवा ) कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय परिसर में 'स्वच्छता अभियान कार्यक्रम' का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र छात्राओं के द्वारा परिसर में सफ़ाई अभियान चलाया गया।समिति के सदस्य डॉ०सोनिया , डॉ०संजीव कुमार डॉ०अमित कुमार के द्वारा छात्र छात्राओं का मार्गदर्शन किया गया तथा अभियान के उद्देश्यों से छात्र छात्राओं को अवगत कराया गया ।

सरहद का साक्षी
SARHAD KA SAKSHI

# महाविद्यालय देवप्रयाग में 'न्यूरो लिंग्विस्टिक प्रोग्रामिंग एंड स्ट्रेस मैनेजमेंट' विषय पर गोष्ठी का आयोजन

By Kedar Singh Chauhan 'Pravar' - September 24, 2024









यहाँ क्लिक कर पोस्ट सुनें

# महाविद्यालय देवप्रयाग में 'न्यूरो लिंग्विस्टिक प्रोग्रामिंग एंड स्ट्रेस मैनेजमेंट' विषय पर गोष्ठी का आयोजन

**देवप्रयाग:** ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग, टिहरी गढ़वाल में प्रभारी प्राचार्य डॉ अर्चना धपवाल की अध्यक्षता में कैरियर काउंसलिंग सेल द्वारा महाविद्यालय में 'न्यूरो लिंग्विस्टिक प्रोग्रामिंग एंड स्ट्रेस मैनेजमेंट' विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य अतिथि के रूप में हे. न. बहु. केंद्रीय विश्वविद्यालय के सेवानिर्वित प्रोफेसर डॉ डी एस नेगी एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती पुष्पा नेगी उपस्थित रहें। कार्यक्रम का कुशल संचालन कैरियर काउंसलिंग सेल के संयोजक डॉ आदिल कुरैशी द्वारा किया गया ।

कार्यक्रम के तहत सर्वप्रथम महाविद्यालय की प्राचार्य द्वारा मुख्य अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंट किया गया। तत्पश्चात कैरियर काउंसलिंग समिति द्वारा बैज अलंकरण कर अतिथियों का सत्कार किया गया । इसके बाद कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ डी एस नेगी ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि कैसे हम न्यूरो लिंग्विस्टिक प्रोग्रामिंग के माध्यम से आधुनिक वैश्विक विशेषीकृत एवम तकनीकि विकास के दौर में तनाव मुक्त रहते हुए अपने जीवन के उद्देश्यों को सफलतापूर्वक प्राप्त कर सकते हैं ।

डॉ नेगी ने कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए हमें सर्वप्रथम अपने लक्ष्य को स्पष्ट करना चाहिए तथा छोटी-छोटी बातों पर ध्यान केंद्रित करते हुए अपने कदम आगे बढ़ाने चाहिए, अपनी ऊर्जा को सही दिशा में उपयोग करना चाहिए ।

उन्होंने कहा कि अपने मस्तिष्क पर नियंत्रण स्थापित करना एक साइंस है जो व्यक्ति को अपनी भावनात्मक स्थिति को नियंत्रित करने और जीवन से जो वह चाहते हैं उस पर ध्यान केंद्रित करने में मदद करता है इसे साइंस ऑफ इमोशन कहा जाता है।

यह भी पढ़ें : **राजकीय महाविद्यालय पाबौ में अंबेडकर जयंती के अवसर पर गोष्ठी आयोजित**

हमें अपने दृष्टिकोण को सदैव बड़ा और सकारात्मक रखना चाहिए। किसी भी कार्य को करने हेतु मस्तिष्क को निर्देश हमारे शब्दों के माध्यम से पहुंचते हैं हमारे शब्दों में सकारात्मकता होनी चाहिए क्योंकि सकारात्मक शब्द मन की क्षमताओं को बढ़ा देते हैं और सकारात्मक ऊर्जा को जाग्रत करते हैं शब्दों के ठीक चयन के माध्यम से हम अपने संपूर्ण जीवन को रूपांतरित कर सकते हैं ।उन्होंने कहा की सफल होने के लिए मात्र नवीन सूचना एकत्र करना ही पर्याप्त नहीं है बल्कि महत्वपूर्ण सूचनाओं पर पर ध्यान देना भी आवश्यक है ।

डॉ नेगी ने सकारात्मक दृष्टिकोण के महत्व को बताते हुए कहा कि अपनी आंतरिक ऊर्जा को जाग्रत करने के लिए एक सकारात्मक सोच एवम स्पष्ट उद्देश्य के साथ किसी काम को लेकर आगे बढ़ने की आवश्यकता होती है ऐसा करने से कार्य को पूर्ण करने का सामर्थ्य स्वतः हमारे अंदर भर जाता है और फोबिया, डिप्रेशन, साइकोसोमैटिक बीमारियों से बचकर हम अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होते हैं । श्रीमती पुष्पा नेगी ने कहा कि मन की शांति के लिए हमेशा सकारात्मक रहना चाहिए ।

महाविद्यालय की प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि यदि दृढ़ इच्छा शक्ति हो तो हम अपने जीवन की सभी समस्याओं से संघर्ष करते हुए सफलता तक अवश्य पहुंचते हैं। कार्यक्रम के अंत में डॉ रंजू उनियाल द्वारा गोष्ठी के सफल आयोजन हेतु समिति के सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया । उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

Monday, September 23, 2024
Rainbow News
Clean & Clear Voice

- ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में गाजर घास उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन






## ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में गाजर घास उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन

आज ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग, टिहरी गढ़वाल में प्राचार्य डॉ अर्चना धपवाल की अध्यक्षता में नमामि गंगे समिति द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा गंगा स्वच्छता पखवाड़ा (स्वच्छता ही सेवा ) कार्यक्रम के तहत पर्यावरण एवं जैव विविधता के लिए बड़ा खतरा बनती जा रही गाजर घास के उन्मूलन हेतु 'गाजर घास उन्मूलन कार्यक्रम' का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के अंतर्गत नमामि गंगे समिति की सदस्य डॉ सोनिया, डॉ अमित कुमार एवं डॉ संजीव कुमार के द्वारा गाजर घास से मनुष्य ,पशु एवं वातावरण पर होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताया गया साथ ही गाजर घास के प्रबंधन की विधियों एवं उन्मूलन के उपायों के विषय में भी छात्र-छात्राओं को जानकारी प्रदान की गई ।

Monday, September 23, 2024

# Rainbow News

Clean & Clear Voice

- देवप्रयाग महाविद्यालय में 'न्यूरो लिंग्विस्टिक प्रोग्रामिंग और तनाव प्रबंधन' पर गोष्ठी का सफल आयोजन



**देवप्रयाग महाविद्यालय में 'न्यूरो लिंग्विस्टिक प्रोग्रामिंग और तनाव प्रबंधन' पर गोष्ठी का सफल आयोजन**

**देवप्रयाग, 23 सितंबर 2024:** ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय, देवप्रयाग में आज 'न्यूरो लिंग्विस्टिक प्रोग्रामिंग एंड स्ट्रेस मैनेजमेंट' विषय पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. अर्चना धपवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में हे. न. बहुगुणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. डी. एस. नेगी और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती पुष्पा नेगी उपस्थित रहे।गोष्ठी का संचालन कैरियर काउंसलिंग सेल के संयोजक डॉ. आदिल कुरैशी द्वारा किया गया। प्रारंभ में प्राचार्य डॉ. धपवाल ने मुख्य अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया, तत्पश्चात कैरियर काउंसलिंग समिति द्वारा उन्हें बैज अलंकरण कर सम्मानित किया गया।मुख्य वक्ता डॉ. डी..एस. नेगी ने छात्रों को न्यूरो लिंग्विस्टिक प्रोग्रामिंग (NLP) और तनाव प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं से परिचित कराया। उन्होंने बताया कि आधुनिक तकनीकी और वैश्वीकरण के दौर में तनाव मुक्त रहकर अपने जीवन के उद्देश्यों को कैसे प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने छात्रों को अपने मस्तिष्क पर नियंत्रण स्थापित करने और सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखने के महत्व पर बल दिया। डॉ. नेगी ने कहा कि "साइंस ऑफ इमोशन" के माध्यम से हम अपनी भावनाओं और ऊर्जा का सही दिशा में उपयोग कर सकते हैं, जिससे जीवन में सफलता प्राप्त होती है।श्रीमती पुष्पा नेगी ने अपने संबोधन में मानसिक शांति और सकारात्मकता पर जोर दिया। प्राचार्य डॉ. अर्चना धपवाल ने अपने वक्तव्य में दृढ़ इच्छा शक्ति और संघर्ष के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि इन गुणों से हम जीवन की चुनौतियों का सामना कर सफलता प्राप्त कर सकते हैं।कार्यक्रम के समापन पर डॉ. रंजू उनियाल ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

Rainbow News
Clean & Clear Voice









## ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय, देवप्रयाग में हिंदी दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया

**देवप्रयाग, 14 सितंबर 2024** – ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय, टिहरी गढ़वाल में हिंदी विभाग द्वारा आज हिंदी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रंजू उनियाल (असिस्टेंट प्रोफेसर, हिंदी) द्वारा किया गया, जिन्होंने हिंदी दिवस मनाने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने हिंदी को मातृभाषा और परिष्कृत साहित्य के रूप में हमारी प्रगति के लिए आवश्यक बताया और अपनी एक काव्य रचना का भी पाठ किया।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता, डॉ. एम. एन. नौडियाल (असिस्टेंट प्रोफेसर, संस्कृत) ने हिंदी के समृद्ध इतिहास और व्याकरण के बारे में विस्तार से बताया। अपनी स्वरचित कविता के माध्यम से उन्होंने हिंदी को एक ऐसी भाषा बताया जिसमें अन्य भारतीय भाषाओं, जैसे उर्दू, मराठी, और गुजराती का अद्भुत संयोजन है।इसके अलावा, डॉ. आदिल कुरैशी (असिस्टेंट प्रोफेसर, जंतु विज्ञान) ने भारतीय संविधान में हिंदी को राजभाषा के रूप में प्राप्त मान्यता पर चर्चा की। अपनी कविता के माध्यम से उन्होंने हिंदी को भारत की "शान और ताज" बताया और इसके संरक्षण एवं उत्थान के लिए सभी को प्रेरित किया।डॉ. सृजना राणा (असिस्टेंट प्रोफेसर, हिंदी) ने हिंदी दिवस की बधाई देते हुए छायावादी कवियों की रचनाओं के माध्यम से छात्रों को परिष्कृत हिंदी साहित्य की जानकारी दी।कार्यक्रम का समापन डॉ. रंजू उनियाल ने सभी वक्ताओं और उपस्थित लोगों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

सरहद का साक्षी
SARHAD KA SAKSHI

# ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में हिंदी विभाग ने मनाया हिंदी दिवस

By **Kedar Singh Chauhan 'Pravar'** - September 14, 2024



▶ यहाँ क्लिक कर पोस्ट सुनें

## ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में हिंदी विभाग ने मनाया हिंदी दिवस

**देवप्रयाग:** ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में हिंदी विभाग की ओर से हिंदी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एवं कुशल संचालन करते हुए डॉ रंजू उनियाल (असिस्टेंट प्रोफेसर हिंदी) ने हिंदी दिवस मनाए जाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि हिंदी, मातृभाषा और परिष्कृत साहित्य के रूप में कैसे हमारी उन्नति के लिए सहायक है। हिंदी पर एक काव्य का पाठ भी उनके द्वारा किया गया।

वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एम. एन. नौडियाल (असिस्टेंट प्रोफेसर संस्कृत) ने हिंदी का इतिहास बताते हुए कहा कि हिंदी का एक सुदृढ़ व्याकरण ,एक सुदृढ़ इतिहास है, स्वरचित काव्य के माध्यम से उन्होंने बताया कि हिंदी में अन्य सभी भाषाओं उर्दू, मराठी, गुजराती आदि का संयोजन है जिन्हें हिंदी की बहनें कहा गया है। डॉ.आदिल कुरैशी (असिस्टेंट प्रोफेसर जंतु विज्ञान) द्वारा बताया गया कि संविधान की 22 भाषाओं में से हिंदी को भारत की राज भाषा के रूप में मान्यता प्राप्त है। उन्होनें अपनी काव्य रचना के द्वारा हिंदी को सर का ताज बताया और कहा कि हिंदी को हमें संरक्षित करना चाहिए और इसके उत्थान के लिए प्रयास करने चाहिए।

यह भी पढ़ें : ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं नमामि गंगे प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में 'राष्ट्रीय कृमि उन्मूलन दिवस ' का आयोजन

डॉ. सृजना राणा (असिस्टेंट प्रोफेसर हिंदी) ने हिंदी दिवस की बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए छायावादी कवियों की रचना के माध्यम से भाषा की परिष्कृत काव्य रचना के बारे में छात्र छात्राओं को जानकारी दी। अंत में डॉ रंजू उनियाल द्वारा सभी वक्ताओं को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक ,शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

**Kedar Singh Chauhan 'Pravar'**

*https://sarhadkasakshi.com*

A Digital Media Platform for Publishing of Hindi News, public and political thoughts, articles, stories, poems, images, videos, audio-visual, fundamental problems, public and developmental issues. WhatsApp No.: +91 9456334277

इस साइट में, Google AdSense विज्ञापन इंटेंट के लिंक का इस्तेमाल किया गया है. AdSense ये लिंक अपने-आप जनरेट करता है. इनकी मदद से, क्रिएटर कमाई कर सकते हैं.

गढ़ निनाद न्यूज पोर्टल
दिनांक : 10/09/2024

# ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय कृमि उन्मूलन दिवस मनाया गया




देवप्रयाग, टिहरी गढ़वाल। 10 सितंबर, 2024: ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय, देवप्रयाग में आज राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई और नमामि गंगे प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में 'राष्ट्रीय कृमि उन्मूलन दिवस' के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. अर्चना धपवाल ने की।कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना की सदस्य डॉ. सोनिया ने किया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान भारत सरकार की एक महत्त्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य बच्चों को कृमि संक्रमण से मुक्त कर उनके स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना है।इस अवसर पर नमामि गंगे प्रकोष्ठ के सदस्य डॉ. अमित कुमार ने छात्र-छात्राओं को कृमियों के प्रकार, संक्रमण के लक्षण और उपचार के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह राष्ट्रव्यापी अभियान युवा पीढ़ी के लिए एक स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं को कृमि संक्रमण से बचाव हेतु एलबेंडाजोल की गोलियां वितरित की गईं। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के कई छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने सक्रिय भागीदारी की।

NEWS गढ़निनाद
जन जन की आवाज



# देवप्रयाग महाविद्यालय में हिमालय बचाओ अभियान के तहत प्रतिज्ञा कार्यक्रम आयोजित

- 3 September 2024
- उत्तराखंड, विविध न्यूज़, शिक्षा जगत




टिहरी गढ़वाल 3 सितंबर 2024। आज ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय, देवप्रयाग, टिहरी गढ़वाल में 'हिमालय बचाओ पॉलीथिन हटाओ अभियान' के तहत हिमालय प्रतिज्ञा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. अर्चना धपवाल ने की और नोडल अधिकारी डॉ. ओम प्रकाश ने कार्यक्रम की अगुवाई की।डॉ. ओम प्रकाश ने अपने संबोधन में कहा कि हिमालय केवल एक पर्वत नहीं बल्कि जीवन का आधार है, और इसके संरक्षण में हर नागरिक की भागीदारी महत्वपूर्ण है। छात्र-छात्राओं को हिमालय के महत्व के बारे में जागरूक करने के बाद, उन्हें हिमालय संरक्षण की प्रतिज्ञा कराई गई। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

**Rainbow News**
Clean & Clear Voice

- महाविद्यालय देवप्रयाग में 'हिमालय बचाओ पॉलीथिन हटाओ अभियान' के तहत हिमालय प्रतिज्ञा कार्यक्रम का आयोजन




# महाविद्यालय देवप्रयाग में 'हिमालय बचाओ पॉलीथिन हटाओ अभियान' के तहत हिमालय प्रतिज्ञा कार्यक्रम का आयोजन

**September 3, 2024**

आज ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग टिहरी गढ़वाल में प्रभारी प्राचार्य डॉ अर्चना धपवाल की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के नोडल अधिकारी डॉ ओम प्रकाश द्वारा 'हिमालय बचाओ पॉलीथिन हटाओ अभियान ' के अंतर्गत हिमालय प्रतिज्ञा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।उन्होंने छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि हिमालय केवल एक पर्वत नहीं है बल्कि जीवन का आधार है इसका संरक्षण करने हेतु अपनी सहभागिता निभाना देश के हर नागरिक का कर्तव्य है ।

नेशनल वाणी
www.nationalvani.com

# देवप्रयाग में ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय में प्रभारी प्राचार्य डॉ अर्चना धपवाल की अध्यक्षता में 'युवा संसद कार्यक्रम' का आयोजन हुआ

नेशनल वाणी डेस्कSeptember 2, 2024



**ख़बर शेयर करें** -देवप्रयाग : सोमवार को ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय में प्रभारी प्राचार्य डॉ अर्चना धपवाल की अध्यक्षता में 'युवा संसद कार्यक्रम' की नोडल अधिकारी डॉ सोनिया द्वारा युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । कार्यक्रम को आरम्भ करते हुए डॉ सोनिया ने संसद की कार्यशैली और संसद निर्माण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि महाविद्यालय में इस प्रकार के कार्यक्रम छात्र छात्राओं की संसदीय कार्यों के लिए समझ विकसित करेंगे।



इस कार्यक्रम में बी. ए. तृतीय सेमेस्टर के छात्र सुखदेव ने लोकसभा अध्यक्ष की भूमिका का निर्वहन किया और अन्य छात्र छात्राओं ने प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, वित्तमंत्री, शिक्षामंत्री, अध्यक्ष नेता प्रतिपक्ष एवं सांसद प्रतिपक्ष की भूमिका निभाई।शपथ ग्रहण समारोह के साथ संसद की कार्यवाही का शुभारंभ किया गया । युवा संसद कार्यक्रम में संसदीय परंपराओं और प्रक्रियाओं का सजीव चित्रण प्रस्तुत करते हुए अध्यक्ष महोदय की संस्तुति के साथ पक्ष-विपक्ष के नेताओं के बीच प्रश्न एवम् उत्तर का सत्र शुरू किया गया।प्रतियोगी परीक्षाओं एवं प्रश्न पत्रों के लीक मामलें में विपक्ष नेता ने शिक्षा मंत्री से जवाब मांगा। शिक्षा मंत्री ने यथोचित प्रश्नों के उत्तर दिए एवं युवा बेरोजगारी को समाप्त करने की बात की। विपक्ष के सांसदों

द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, महिला सुरक्षा, ओल्ड पेंशन स्कीम, एवं पर्यटन आदि विभिन्न मुद्दों पर प्रश्न पूछे गए। जिसके जवाब प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, वित्त मंत्री, एवं शिक्षा मंत्री द्वारा संतोषपूर्ण तरीके से दिए गए। निर्णायक मंडल की भूमिका का निर्वहन कर रहे डॉ आदिल कुरैशी असिस्टेंट फेसर जंतु विज्ञान विभाग एवं डॉ सुबोध कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा प्रतियोगिता का परिणाम निम्न प्रकार से घोषित किया गया-




बी.ए. प्रथम सेमेस्टर की छात्रा संतोषी(शिक्षा मंत्री) और विधि (सांसद प्रतिपक्ष) ने तृतीय पुरस्कार, एम. ए. तृतीय सेमेस्टर के छात्र अरविंद सिंह (प्रधानमंत्री) एवम् बी.ए. प्रथम सेमेस्टर की छात्रा मुस्कान ( सांसद प्रतिपक्ष) ने द्वितीय पुरस्कार, एवं बी. ए. तृतीय सेमेस्टर की छात्रा काजल (नेता प्रतिपक्ष) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इन सभी छात्र – छात्राओं को प्राचार्य द्वारा पुरुस्कृत किया गया। डॉ. ओम प्रकाश असिस्टेंट प्रोफेसर अर्थशास्त्र विभाग एवम् डॉ अमित कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर शिक्षाशास्त्र विभाग ने युवा संसद कार्यक्रम के सक्रिय सदस्य के रूप में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। अंत में प्राचार्य डॉ अर्चना धपवाल ने कहा की इस प्रकार के कार्यक्रम महाविद्यालय स्तर पर होते रहने चाहिए ताकि हम अपनी संसदीय कार्यप्रणाली को नए छात्र छात्राओं को समझा पाएं। तत्पश्चात प्राचार्य ने ' युवा संसद कार्यक्रम' के सफल आयोजन हेतु छात्र छात्राओं और प्राध्यापकों को शुभकामनाएं दीं और कार्यक्रम के समापन की घोषणा की। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र छात्राओं सहित, सभी प्रध्यापक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

गढ़ निनाद न्यूज पोर्टल
दिनांक : 02/09/2024

ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय में 'युवा संसद कार्यक्रम' का आयोजन, काजल ने जीता प्रथम पुरस्कार

**ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय में 'युवा संसद कार्यक्रम' का आयोजन, काजल ने जीता प्रथम पुरस्कार**



ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय में प्रभारी प्राचार्य डॉ. अर्चना धपवाल की अध्यक्षता में 'युवा संसद कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डॉ. सोनिया ने संसद की कार्यशैली और संसद निर्माण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों से छात्र-छात्राओं की संसदीय कार्यों के प्रति समझ विकसित होती है।इस युवा संसद प्रतियोगिता में बी.ए. तृतीय सेमेस्टर के छात्र सुखदेव ने लोकसभा अध्यक्ष की भूमिका निभाई, जबकि अन्य छात्र-छात्राओं ने प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, वित्तमंत्री, शिक्षामंत्री, विपक्ष के नेता और सांसद की भूमिकाएं निभाईं। कार्यक्रम की शुरुआत शपथ ग्रहण समारोह से हुई और इसके बाद संसद की कार्यवाही शुरू की गई।कार्यक्रम के दौरान संसदीय परंपराओं और प्रक्रियाओं का जीवंत चित्रण किया गया। विपक्ष के नेता ने शिक्षा मंत्री से प्रतियोगी परीक्षाओं और प्रश्न पत्रों के लीक मामलों पर सवाल पूछे, जिसका शिक्षा मंत्री ने यथोचित उत्तर दिया और युवा बेरोजगारी को समाप्त करने की बात कही। विपक्ष के सांसदों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, महिला सुरक्षा, ओल्ड पेंशन स्कीम और पर्यटन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर सवाल पूछे, जिनका संतोषजनक उत्तर प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, वित्त मंत्री और शिक्षा मंत्री ने दिया।निर्णायक मंडल में डॉ. आदिल कुरैशी (असिस्टेंट प्रोफेसर, जंतु विज्ञान विभाग) और डॉ. सुबोध कुमार (असिस्टेंट प्रोफेसर, वनस्पति विज्ञान विभाग) ने प्रतियोगिता के परिणाम घोषित किए।परिणाम निम्न प्रकार से रहे:

- **तृतीय पुरस्कार**: बी.ए. प्रथम सेमेस्टर की संतोषी (शिक्षा मंत्री) और विधि (सांसद प्रतिपक्ष)
- **द्वितीय पुरस्कार**: एम.ए. तृतीय सेमेस्टर के अरविंद सिंह (प्रधानमंत्री) और बी.ए. प्रथम सेमेस्टर की मुस्कान (सांसद प्रतिपक्ष)

**प्रथम स्थान**: बी.ए. तृतीय सेमेस्टर की काजल (नेता प्रतिपक्ष)प्राचार्य ने इन सभी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया। डॉ. ओम प्रकाश (असिस्टेंट प्रोफेसर, अर्थशास्त्र विभाग) और डॉ. अमित कुमार (असिस्टेंट प्रोफेसर, शिक्षाशास्त्र विभाग) ने युवा संसद कार्यक्रम के सक्रिय सदस्य के रूप में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।अंत में, प्राचार्य डॉ. अर्चना धपवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए छात्र-छात्राओं और प्राध्यापकों को बधाई दी और इस प्रकार के कार्यक्रम महाविद्यालय स्तर पर होते रहने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम का समापन प्राचार्य द्वारा किया गया, जिसमें महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं, प्रध्यापक और शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।देवप्रयाग में ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय में प्रभारी प्राचार्य डॉ अर्चना धपवाल की अध्यक्षता में 'युवा संसद कार्यक्रम' का आयोजन हुआ

Rainbow News
Date : 15/08/2024

# देवप्रयाग महाविद्यालय में 78वें स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा रैली, वृक्षारोपण और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन




ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय, देवप्रयाग, टिहरी (गढ़वाल) में 78वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। 'राज्य स्वच्छ गंगा मिशन' और 'जल शक्ति मंत्रालय' के तहत नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत तिरंगा जनजागरूकता रैली, वृक्षारोपण, और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ।महाविद्यालय की प्राचार्य, डॉ. अर्चना धपवाल ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के वीर क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए, देश की आजादी के महत्व और उसकी रक्षा की जिम्मेदारी पर प्रकाश डाला। इसके बाद डॉ. सृजना राणा ने उच्च शिक्षा निदेशक का संदेश पढ़ा।नमामि गंगे के नोडल अधिकारी, डॉ. सुबोध कुमार ने भी स्वतंत्रता संग्राम की प्रेरणाओं को याद करते हुए, समाज में एकता और सांस्कृतिक मूल्यों की सुरक्षा पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान "एक पौधा मां के नाम" के तहत वृक्षारोपण किया गया, और महाविद्यालय परिवार ने अलकनंदा और भागीरथी के संगम स्थल, देवप्रयाग, के लिए जनजागरूकता रैली निकाली।डॉ. एम.ए. नौडियाल और डॉ. सृजना राणा ने स्वतंत्रता के महत्व और उसे बनाए रखने की जिम्मेदारी पर विचार साझा किए। डॉ. रंजू उनियाल ने अपने मधुर स्वर में देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया, जिसने माहौल को देशभक्ति से भर दिया।कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के प्राध्यापक, डॉ. आदिल कुरेशी ने अपने शायराना अंदाज में किया। अंत में, प्राचार्य ने सभी को मिलकर देश की प्रगति के लिए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। नमामि गंगे समिति के नोडल अधिकारी, डॉ. सुबोध कुमार ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, शिक्षणेतर कर्मचारी, और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

गढ़ निनाद समाचार
दिनांक: 15/08/2024

**महाविद्यालय देवप्रयाग में स्वतंत्रता दिवस पर वृक्षारोपण, मैराथन और स्वच्छता अभियान का आयोजन**




**टिहरी गढ़वाल, 15 अगस्त 2024:** ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय, देवप्रयाग में 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नमामि गंगे प्रकोष्ठ, एंटी ड्रग्स सेल, पर्यावरण प्रकोष्ठ, हर घर तिरंगा समिति और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. अर्चना धपवाल ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके पश्चात, उच्च शिक्षा निदेशक का संदेश डॉ. सृजना राणा द्वारा पढ़ा गया।प्राचार्य डॉ. धपवाल ने अपने संबोधन में स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए स्वतंत्रता सेनानियों और वीर शहीदों के बलिदान को स्मरण किया। इसके बाद, एंटी ड्रग्स सेल के संयोजक डॉ. आदिल कुरैशी ने 'नशा मुक्त भारत अभियान' के अंतर्गत वृक्षारोपण और मैराथन दौड़ का आयोजन किया। पर्यावरण प्रकोष्ठ की नोडल अधिकारी डॉ. सोनिया और एनएसएस के नोडल अधिकारी डॉ. ओम प्रकाश ने 'एक वृक्ष माँ के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण किया।नमामि गंगे प्रकोष्ठ ने देवप्रयाग संगम स्थल पर 'हर घाट तिरंगा, हर घर तिरंगा' अभियान के तहत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आदिल कुरैशी ने किया। महाविद्यालय के प्राध्यापक, जैसे डॉ. एम.एन. नोडियाल और डॉ. सृजना राणा, ने स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर अपने विचार साझा किए, जबकि डॉ. रंजू उनियाल ने देशभक्ति गीत की प्रस्तुति दी।कार्यक्रम के अंत में, नमामि गंगे के नोडल अधिकारी डॉ. सुबोध कुमार ने सफल आयोजन के लिए महाविद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

National Vani News Portal
Date: 15/08/2024

# ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मैराथन दौड़ समेत कई कार्यक्रम हुए आयोजित



देवप्रयाग : दिनांक 15 अगस्त 2024 को ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग ,टिहरी गढ़वाल में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नमामि गंगे प्रकोष्ठ ,एंटी ड्रग्स सेल, पर्यावरण प्रकोष्ठ, हर घर तिरंगा समिति एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में वृक्षारोपण,मैराथन दौड़, विचार गोष्ठी, जन जागरूकता एवं स्वच्छता अभियान आदि विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।सर्वप्रथम महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ अर्चना धपवाल द्वारा ध्वजारोहण किया गया उसके पश्चात डॉ सृजना राणा द्वारा उच्च शिक्षा निदेशक के संदेश को पढ़ा गया ।इसके बाद प्राचार्य ने अपने संबोधन में स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इसी दिन वर्ष 1947 को भारत को ब्रिटिश हुकूमत से आजादी मिली थी ,यह दिन परतंत्रता की बेड़ियों से देश को स्वतंत्र कराने वाले स्वतंत्रता सेनानियों ,वीर अमर शहीदों के बलिदान को याद करने का है जिनके अथक प्रयासों से भारत को स्वतंत्रता प्राप्त हुई है। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए एंट्री ड्रग्स सेल के संयोजक डॉ आदिल कुरैशी द्वारा 'नशा मुक्त भारत अभियान' के अंतर्गत वृक्षारोपण एवं मैराथन दौड़ आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया । उसके बाद पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए 'एक वृक्ष माँ के नाम अभियान' के अंतर्गत पर्यावरण प्रकोष्ठ समिति की नोडल

अधिकारी डॉ सोनिया एवं राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी डॉ ओम प्रकाश द्वारा वृक्षारोपण किया गया ।इसके बाद नमामि गंगे प्रकोष्ठ द्वारा देवप्रयाग संगम स्थल पर 'हर घाट तिरंगा हर घर तिरंगा अभियान' के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ आदिल कुरैशी ने किया । कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय के प्राध्यापकों डॉ एम एन नोडियाल, डॉ सृजना राणा द्वारा स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए गए तथा डॉ. रंजू उनियाल ने अमर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए देश भक्ति गीत की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के अंत में नमामि गंगे के नोडल अधिकारी डॉ सुबोध कुमार द्वारा कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु महाविद्यालय परिवार को धन्यवाद ज्ञापित किया गया । इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

Rainbow News
Clean & Clear Voice

Date: 14/08/2024

- ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में स्वतंत्रता दिवस पूर्व विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन




## ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में स्वतंत्रता दिवस पूर्व विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

August 14, 2024आज दिनांक 14/08/2024 को ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग , टिहरी गढ़वाल में प्रभारी प्राचार्य डॉ. अर्चना धपवाल की अध्यक्षता में हर घर तिरंगा समिति , राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई पर्यावरण प्रकोष्ट एवं नमामि गंगे समिति के संयुक्त तत्वाधान में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।सर्वप्रथम हर घर तिरंगा समिति की संयोजक डॉ लीना पुंडीर के संचालन में तिरंगा कैनवास लगाया गया जिस पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं छात्र छात्राओं द्वारा विभिन्न भाषाओं में जय हिंद और हर घर तिरंगा लिखा गया। इसके बाद पर्यावरण संरक्षण प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ सोनिया द्वारा "विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस" पर संगोष्ठी का संचालन करते हुए भारत विभाजन की विभिन्न आधारभूत घटनाओं पर प्रकाश डाला गया । उन्होंने कहा कि भारतवासियों को स्वतंत्रता का जश्न मनाने से एक दिन पहले विभाजन की त्रासदी का भी सामना करना पड़ा। उनके द्वारा माउंटबेटन योजना से लेकर इंडिया विंस फ्रीडम पर भी जानकारी प्रदान की गई।डॉ मनोज कुमार ने हिंदू मुस्लिम को भारत की दो सुंदर आंखें बताते हुए विभाजन दिवस को काला दिवस बताया ।डॉ अमित कुमार ने स्वतंत्रता अधिनियम के विभिन्न पहलुओं से संबंधित जानकारी साझा की ।अंत में प्राचार्य ने स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर विचार व्यक्त करते हुए गुलामी से स्वतंत्रता तक के सफर से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण घटनाक्रमों पर चर्चा की तथा वर्तमान भारतीय स्थिति से भी अवगत कराया। तत्पश्चात् राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयोजक डॉ ओम प्रकाश एवं नमामि गंगे समिति के नोडल अधिकारी डॉ सुबोध कुमार के संचालन में छात्र छात्राओं द्वारा महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया ।इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक , शिक्षणेत्तर कर्मचारी गण एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहें।

गढ़ निनाद न्यूज पोर्टल
दिनांक : 13/08/2024

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत महाविद्यालय देवप्रयाग में तिरंगा शपथ ग्रहण व श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित



टिहरी गढ़वाल, 13 अगस्त 2024। ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय, देवप्रयाग में प्रभारी प्राचार्य डॉ. अर्चना धपवाल की अध्यक्षता में हर घर तिरंगा अभियान के तहत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।हर घर तिरंगा समिति और नमामि गंगे समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में अमर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और तिरंगा शपथ ग्रहण कराई गई। साथ ही, छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन माध्यम से हर घर तिरंगा प्रमाणपत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

Rainbow News
Date: 13/08/2024

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित



**हर घर तिरंगा अभियान के तहत ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित**

आज दिनांक 13/08/2024 को ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग , टिहरी गढ़वाल में प्रभारी प्राचार्य डॉ. अर्चना धपवाल की अध्यक्षता में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत हर घर तिरंगा समिति एवं नमामि गंगे समिति के संयुक्त तत्वाधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने हेतु सर्वप्रथम मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले अमर वीर शहीदों के बलिदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई तत्पशात तिरंगा शपथ ग्रहण कराई गई तथा तिरंगा शपथ ग्रहण कर ऑनलाइन माध्यम से हर घर तिरंगा प्रमाणपत्र प्राप्त करने की संपूर्ण प्रक्रिया से छात्र छात्राओं को अवगत कराया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक , शिक्षणेत्तर कर्मचारी गण एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहें।

राष्ट्र निनाद न्यूज पोर्टल
दिनांक : 12/08/2024

- **महाविद्यालय देवप्रयाग में हर घर तिरंगा और नशा मुक्ति अभियान के तहत तिरंगा यात्रा और शपथ ग्रहण का आयोजन**




**टिहरी गढ़वाल, 12 अगस्त 2024**। ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय, देवप्रयाग में प्रभारी प्राचार्य डॉ. अर्चना धपवाल की अध्यक्षता में 'हर घर तिरंगा अभियान' और 'नशा मुक्ति अभियान' के तहत तिरंगा यात्रा, तिरंगा संगीत, और एंटी ड्रग शपथ ग्रहण जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।नमामि गंगे समिति के नोडल अधिकारी डॉ. सुबोध कुमार द्वारा तिरंगा यात्रा का संचालन किया गया, जिसमें छात्रों ने देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत होकर उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके बाद, हर घर तिरंगा समिति की संयोजक डॉ. लीना पुंडीर ने तिरंगा संगीत कार्यक्रम का संचालन किया, जिसमें तबला, हारमोनियम आदि वाद्य यंत्रों की धुन पर देशभक्ति गीतों का गायन किया गया।महाविद्यालय में नशा मुक्ति अभियान के तहत एंटी ड्रग समिति के नोडल अधिकारी डॉ. आदिल कुरैशी ने शपथ ग्रहण कार्यक्रम का संचालन किया और नशे के विरुद्ध शपथ दिलाई। इस आयोजन में डॉ. एम.एन. नौडियाल, डॉ. ओमप्रकाश, डॉ. पारूल रतूड़ी, डॉ. शीतल वालिया, डॉ. मोहम्मद इलियास, डॉ. अमित कुमार, डॉ. दिनेश नेगी, डॉ. रंजू उनियाल, डॉ. सृजना राणा, डॉ. रश्मि सहित कई अन्य संकाय सदस्य और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।इस कार्यक्रम ने महाविद्यालय के छात्रों और कर्मचारियों के बीच देशभक्ति और नशा मुक्त समाज के प्रति जागरूकता बढ़ाने का कार्य किया।

Devbhoomi Samvad News Portal
Date: 12/08/2024

# देवप्रयाग महाविद्यालय में हर घर तिरंगा अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

August 12, 2024




**देवप्रयाग**: ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग, टिहरी गढ़वाल में प्रभारी प्राचार्य डॉ. अर्चना धपवाल की अध्यक्षता में हर घर तिरंगा अभियान एवं नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत हर घर तिरंगा समिति, एंटी ड्रग समिति एवं नमामि गंगे समिति के संयुक्त तत्वाधान में तिरंगा यात्रा, तिरंगा संगीत एवं एंटी ड्रग शपथ आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के अंतर्गत तिरंगा यात्रा का संचालन नमामि गंगे समिति के नोडल अधिकारी डॉ सुबोध कुमार द्वारा किया गया। तिरंगा यात्रा में देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत होकर छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया। इसके पश्चात हर घर तिरंगा समिति की संयोजक डॉ लीना पुंडीर ने तिरंगा संगीत कार्यक्रम का संचालन किया। जिसमें तबला, हारमोनियम आदि वाद्य यंत्रों की धुन के साथ देशभक्ति गीतों का गायन किया गया। तत्पश्चात महाविद्यालय में एंटी ड्रग समिति के नोडल अधिकारी डॉ आदिल कुरैशी द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत शपथ ग्रहण कार्यक्रम का संचालन करते हुए नशे के विरुद्ध शपथ ग्रहण कराई गई।इस आयोजन में डॉ एम.एन. नौडियाल, डॉ लीना पुंडीर, डॉ ओमप्रकाश, डॉ पारूल रतूड़ी, डॉ आदिल कुरैशी , डॉ शीतल वालिया, डॉ मोहम्मद इलियास, डॉ सुबोध कुमार, डॉ अमित कुमार ,डॉ दिनेश नेगी , डॉ रंजू उनियाल, डॉ सृजना राणा, डॉ रश्मि के अलावा शौकीन सजवाण, महताब सिंह, टीका राम, दीपक चौहान, दिगंबर, अर्जुन, नरेंद्र, दिनेश बलूनी, विक्रम, संदीप एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

गढ़ निनाद न्यूज पोर्टल
दिनांक : 18/07/2024

## राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन


- 18 July 2024




**टिहरी गढ़वाल**, 18 जुलाई। राजकीय महाविद्यालय, देवप्रयाग (टिहरी गढ़वाल) में सत्र 2024-25 में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डॉ. अर्चना धपवाल ने की और संचालन डॉ. सृजना राणा द्वारा किया गया।इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों ने अपना परिचय देते हुए अपने-अपने विषय से संबंधित जानकारी छात्र-छात्राओं को प्रदान की। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय की सभी महत्वपूर्ण समितियों के नोडल अधिकारी और सदस्यों ने समितियों से संबंधित जानकारी नए प्रवेशार्थियों को दी। इसके बाद, छात्र-छात्राओं ने भी अपना परिचय दिया और अपनी अभिरुचियों से अवगत कराया।कार्यक्रम के अंत में, प्रभारी प्राचार्य डॉ. अर्चना धपवाल ने नव प्रवेशार्थियों को महाविद्यालय संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सभी को शुभकामनाएं दीं। इस आयोजन में डॉ. दिनेश कुमार, डॉ. एम. एन. नौडियाल, डॉ. लीना पुंडीर, डॉ. पारूल रतूड़ी, डॉ. आदिल कुरैशी, डॉ. शीतल वालिया, डॉ. मोहम्मद इलियास, डॉ. सुबोध कुमार, डॉ. दिनेश नेगी, डॉ. रंजू उनियाल, डॉ. प्रियंका, डॉ. यतिन काला, डॉ. रश्मि के साथ-साथ श्री शौकीन सजवाण, श्री महताब सिंह, श्री टीका राम, श्री दीपक चौहान, श्री अर्जुन, श्री नरेंद्र, श्री विक्रम, श्री सूरज, श्री संदीप और नव प्रवेशित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे

गढ़ निनाद न्यूज पोर्टल
दिनांक : 18/07/2024

# असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर एम एन नौड़ियाल की पुस्तक "चरागों के शहर में अंधेरे" का विमोचन



टिहरी गढ़वाल 18 जुलाई। राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग टिहरी गढ़वाल के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर एम0 एन0 नौड़ियाल की पुस्तक "चरागों के शहर में अंधेरे" का विमोचन देहरादून स्थित माडर्न दून लाइब्रेरी के कांन्फ्रेंस हाल में हुआ।इस अवसर पर उत्तराखंड के प्रसिद्ध लोक संगीतकार एवं साहित्यकार श्री नरेन्द्र सिंह नेगी और दून विश्वविद्यालय देहरादून की कुलपति प्रोफेसर सुरेखा डंगवाल ने सामूहिक रूप से पुस्तक का विमोचन किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री नरेन्द्र सिंह नेगी और विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रोफेसर सुरेखा डंगवाल मौजूद रहे। डॉक्टर एम0 एन0 नौड़ियाल ने अपनी विमोचित पुस्तक के कुछ अंश प्रस्तुत किए और साहित्य, काव्य, लेखन और समाज के साथ इनके संबंधों पर प्रकाश डाला। विश्लेषकों ने इस संकलन की अनुशंसा की और इसे भावी समाज के लिए एक दर्पण बताया।इस कार्यक्रम का संचालन श्री गिरीश सुंदरियाल ने किया और मंच पर प्रोफेसर डी0 आर0 पुरोहित, श्री दिनेश शास्त्री सहित अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे। पुस्तक की उपलब्धता के संबंध में डॉ नौड़ियाल ने बताया कि यह Shine Book Publishing, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ से प्राप्त की जा सकती है और इसे ऑनलाइन माध्यमों पर भी उपलब्ध कराने की प्रक्रिया चल रही है।

Devbhoomi Samvad News Portal
Date: 16/07/2024

# राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में “हरेला पखवाड़ा” के तहत “वृक्षारोपण” कार्यक्रम




**देवप्रयाग:** ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय, देवप्रयाग, (टिहरी गढ़वाल) में आज ‘राज्य स्वच्छ गंगा मिशन’ ‘जल शक्ति मंत्रालय’ भारत सरकार के तत्त्वाधान में नमामि गंगे कार्यक्रम, पर्यावरण प्रकोष्ठ और राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्त्वाधान में “हरेला पखवाड़ा” (16 -23 जुलाई 2024) में “वृक्षारोपण” कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत इमली, बांज, आंवला, जामुन, तेजपत्ता इत्यादि पेड़ लगाये गए।महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ0 अर्चना धपवाल ने इस कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा कि ‘हरेला’ एक महत्वपूर्ण त्यौहार है जो हमें पेड़ पौधों के संरक्षण हेतु प्रेरित करता है। इस दिन केवल वृक्षारोपण करना ही काफी नही होगा अपितु उनकी सुरक्षा करना भी हमारा दायित्व बनता है। प्राचार्य के साथ महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवम कर्मचारियों ने एक वृक्ष लगाया और उसको सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी भी ली।महाविद्यालय के प्राध्यापकों में डॉ0 सुबोध कुमार (नोडल अधिकारी नमामि गंगे कार्यक्रम), डॉ दिनेश कुमार टम्टा (कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई), डॉ. रंजू उनियाल और डॉ0 रश्मि (सदस्य इको क्लब/पर्यावरण प्रकोष्ठ), डॉ0 शीतल (संयोजक मीडिया समिति)डॉ. दिनेश सिंह नेगी (सदस्य अभिभावक शिक्षक एसोसिएशन), डॉ सृजना राणा (सदस्य जल संरक्षण और संवर्धन समिति) के साथ-साथ शिक्षणेतर कर्मचारी अर्जुन, नरेन्द्र सिंह, विक्रम सिंह, रवि प्रकाश ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

Devbhoomi Samvad News Portal
Date: 15/07/2024

# राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में हरेला पखवाड़ा का शुभारंभ

July 15, 2024




**देवप्रयाग:** ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय, देवप्रयाग टिहरी गढ़वाल में नमामि गंगे समिति, पर्यावरण प्रकोष्ठ और राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वाधान में आज दिनांक 15 जुलाई 2024 को लोकपर्व हरेला "हरियाली का दिन" के उपलक्ष्य में हरेला पखवाड़ा का शुभारंभ हुआ. जिसके तहत प्रथम दिवस पर महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ0 अर्चना धपवाल द्वारा अनार का पौधा लगा कर किया गया। कार्यक्रम में नमामि गंगे के नोडल अधिकारी डॉ0 सुबोध कुमार, पर्यावरण प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ0 आदिल कुरैशी और राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 दिनेश कुमार टम्टा के साथ- साथ डॉ0 एम0 एन0 नौडियाल, डॉ0 लीना पुंडीर, डॉ0 पारुल रतूड़ी, डॉ0 शीतल , डॉ0 रंजू उनियाल, डॉ0 सृजना राणा, डॉ0 यतिन काला, डॉ0 रश्मि, अर्जुन, नरेंद्र, विक्रम और छात्र/ छात्राऐं उपस्थित रहे।